मंगलवार, 12 अगस्त 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदयः 5: 12 | सूर्यास्तः 18: 12 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : पानी स्वच्छ हो तो चित्र और वाणी मधुर हो तो चरित्र नजर आता है।



दिल्ली–एनसीआर के सारे आवारा कुत्ते पकड़कर शेल्टर होम में डाले जाएंगे, सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश पृष्ठ 7




# 'वोट चोरी' के खिलाफ विपक्ष ने दिखाई एकजुटता, संसद से निकाला मार्च

## हिरासत में लिए गए सभी विपक्षी सांसदों को रिहा किया गया



**नयी दिल्ली :** विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित ''वोट चोरी'' के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर से मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने उन्हें संसद मार्ग पर ही रोक दिया तथा बाद में हिरासत में ले लिया। विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाने के साथ ही यह भी कहा कि देश साफ–सुथरी मतदाता सूची चाहता है और चुनाव आयोग 'चुराव आयोग' नहीं हो सकता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोग दल देश में अराजकता पैदा करना चाहते हैं तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों के नेता बन गए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। विरोध प्रदर्शन में राकांपा(शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने भी हिस्सा लिया। हिरासत में लिए गए नेताओं को संसद मार्ग थाने ले जाया गया, जहां पुलिस ने बाद में उन्हें छोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा, ''सच्चाई देश के सामने है। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है, यह संविधान को बचाने की लड़ाई है, 'एक व्यक्ति एक वोट' की लड़ाई है। हम एक साफ–सुथरी और सही मतदाता सूची चाहते हैं।'' संसद के मकर द्वार के सामने मार्च शुरू करने से पहले विपक्षी सांसदों ने राष्ट्रगान गाया। पुलिस ने उनका मार्च रोकने के लिए संसद मार्ग पर पीटीआई बिल्डिंग के सामने बैरिकेड लगा रहे थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर विपक्षी सांसद सड़क पर ही बैठ गए और ''वोट चोरी बंद करो'', ''तानाशाही नहीं चलेगी'', ''मोदी सरकार हाय–हाय'' जैसे नारे लगाने लगे। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष, कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि और संजना जाटव पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड पर खड़ी हो गईं और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इन चारों महिला सांसदों ने साड़ी पहन रखी थी।

### साफ–सुथरी मतदाता सूची चाहिए, निर्वाचन आयोग का डेटा सामने आकर रहेगा: राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि एकजुट विपक्ष और देश का हर मतदाता साफ–सुथरी मतदाता सूची चाहता है और निर्वाचन आयोग जानता है कि जो डेटा वह छिपाने की कोशिश कर रहा है, वह सामने आकर रहेगा। हिरासत में लिये जाने के बाद राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''सच्चाई देश के सामने है। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है, यह संविधान को बचाने की लड़ाई है, 'एक व्यक्ति–एक वोट' की लड़ाई है। हम एक साफ–सुथरी और सही मतदाता सूची चाहते हैं।''

### कांग्रेस का 'वोट चोरी' का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत: निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी द्वारा यहां विरोध मार्च के दौरान किए गए 'वोट चोरी' के दावों को सोमवार को ''तथ्यात्मक रूप से गलत'' करार दिया। निर्वाचन आयोग ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) द्वारा किए गए दावों पर एक फैक्टचेक जारी किया। निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पारदर्शिता के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेजों की एक सूची साझा की। इन साक्ष्य में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) जैसे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के वीडियो भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने बिहार में मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले, उसके दौरान और बाद में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई अपनी बैठकों का विवरण भी साझा किया तथा कहा कि वह एसआईआर प्रक्रिया के संचालन के दौरान जमीनी स्तर पर उच्चतम पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है।

# ममता सरकार ने चार दागी अफसरों को चुनाव ड्यूटी से हटाया

## चुनाव आयोग के आदेश के बावजूद नहीं किया निलंबित

### 'अधिकारी बहुत कुशल हैं, मनोबल हिल जाएगा', मुख्य सचिव ने दिया तर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को चुनाव आयोग (ईसी) को सूचित किया कि उसने चार अधिकारियों को सक्रिय चुनावी ड्यूटी से हटा दिया है। हालांकि, आयोग के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार ने उन्हें निलंबित नहीं किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि जिन अधिकारियों ने लगातार ईमानदारी और दक्षता दिखाई है, उनके खिलाफ निलंबन जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई अनुचित और कठोर होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने इन अधिकारियों को केवल मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव संबंधी कार्यों से हटाया है, लेकिन निलंबित नहीं किया। इसके साथ ही, राज्य सरकार ने इस मामले में आंतरिक जांच शुरू कर दी है और संबंधित प्रक्रिया की भी पूरी तरह से समीक्षा की जा रही है। बता दें कि चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को चार अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। आयोग ने इस आदेश को लागू करने के लिए 11 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक की समय–सीमा तय की थी। राज्य के मुख्य सचिव ने यह जवाब आयोग को उसी दिन तय समय से दो घंटे पहले भेजा। उल्लेखनीय है कि पांच अगस्त को चुनाव आयोग ने चार अधिकारियों (दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) तथा एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को मतदाता सूची तैयार करने में कथित अनियमितताओं के आरोप में निलंबित करने का आदेश दिया था। ये अनियमितताएं दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर पूर्व और पूर्व मेदिनीपुर के मोयना विधानसभा क्षेत्रों में हुईं। आयोग ने राज्य सरकार को इन पांचों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जल्द से जल्द कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। जिन चार अधिकारियों को सजा दी गई है, उनमें से दो (देबोत्तम दत्ता चौधरी और बिप्लब सरकार) पश्चिम बंगाल लोकसेवा (कार्यकारी) रैंक के अधिकारी हैं।

# कोलकाता नगर निगम ने 500 वर्ग फुट में निर्माण की दी अनुमति

## कैबिनेट बैठक में भवन निर्माण नियमों में संशोधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने इस बार कोलकाता नगर निगम क्षेत्र में आधा कट्ठा या उससे कम जमीन पर मकान बनाने की अनुमति दे दी है। सोमवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में भवन निर्माण नियमों में संशोधन किया गया। नए नियमों के तहत, 500 वर्ग फुट जमीन पर भी मकान बनाने की अनुमति मिल जाएगी। शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि अभी तक, नगर निगम छोटे प्लॉट पर मकान बनाने के लिए नक्शे मंज़ूर नहीं कर पाती थी। नियमों ने हमारे हाथ बांध रखे थे। अब यह बाधा दूर हो गई है। अब हम आधे कट्ठा या उससे कम जमीन पर भी मकान बनाने की मंज़ूरी दे सकेंगे। हालांकि, इसके लिए कई शर्तें भी हैं। फिरहाद हकीम ने कहा कि नगर निगम यह सुनिश्चित करेगी कि मकान का कोई हिस्सा पड़ोसी मकान पर अतिक्रमण न करे। हालांकि, छूट का परिमाण सामान्य नियमों से थोड़ी कम होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। म्यूटेशन, परिवर्तन समेत सभी कानूनी काम नियमों के अनुसार ही करने होंगे। और अगर सभी दस्तावेज सही हैं, तो 15 दिनों के भीतर निर्माण की अनुमति मिल जाएगी। हालांकि, बड़े घरों के लिए पुराने नियम लागू रहेंगे।

### '800 मेगावाट के दो प्लांट बन चुके हैं', बिजली मंत्री ने दी खुशखबरी

शालबनी में 800 मेगावाट के दो प्लांट बन चुके हैं। कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव रखा गया था कि दो और प्लांट बनाए जाएंगे। बता दें कि इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि पूर्वी भारत में ऐसा कोई पावर प्लांट नहीं है। अब राज्य के ऊर्जा मंत्री अरूप बिस्वास ने उस पावर प्लांट को लेकर अच्छी खबर दी है। सोमवार को मंत्री अरूप बिस्वास ने कहा कि 800 मेगावाट के दो प्लांट बन चुके हैं। कैबिनेट की बैठक में पीपी मॉडल पर दो और नए प्लांट बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।




# लोकसभा ने नये आयकर विधेयक को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने सोमवार को आयकर संबंधी उस नये विधेयक को बिना किसी चर्चा के तीन मिनट में ही पारित कर दिया, जो आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। यह नया विधेयक लोगों को निश्चित समय के अंदर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाने पर भी 'टीडीएस रिफंड' का दावा करने की अनुमति प्रदान करेगा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर (संख्यांक 2) विधेयक, 2025 लोकसभा में पारित करने के लिए पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से अनुमोदित कर दिया। सीतारमण ने फरवरी में पेश किये गए



आयकर विधेयक, 2025 को 8 अगस्त को वापस ले लिया था। उन्होंने सदन में सोमवार को विधेयक का अद्यतन संस्करण पेश किया, जिसमें प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशों को शामिल किया गया है। नया विधेयक मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा, जिसमें बीते कुछ साल में कई संशोधन किये गए थे। नया विधेयक वर्तमान अधिनियम के मूल कर प्रावधानों को बरकरार रखता है और मुख्य रूप से भाषा को सरल बनाने और अनावश्यक प्रावधानों को हटाने का प्रावधान करता है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है, ''प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं। इसके अलावा, हितधारकों से ऐसे बदलावों के बारे में सुझाव प्राप्त हुए हैं जो प्रस्तावित कानूनी अर्थ को और अधिक सटीक रूप से व्यक्त करेंगे।'' सरकार ने गत 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति ने इसमें कुछ बदलाव की सिफारिश की थी। उक्त विधेयक को शुक्रवार को सदन में वापस ले लिया गया।

### भारत ने बांग्लादेश से कुछ जूट उत्पादों के जमीनी मार्गों से आयात पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच सोमवार को कुछ जूट उत्पादों और रस्सियों के जमीनी मार्गों से आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के अनुसार, इन आयातों को न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से अनुमति दी गई है। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया, भारत–बांग्लादेश सीमा पर किसी भी भूमि बंदरगाह से बांग्लादेश से आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें कहा गया है, बांग्लादेश से भारत में कुछ वस्तुओं के आयात को तत्काल प्रभाव से विनियमित किया जाता है।

### बैंक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि तय करने के लिए स्वतंत्र : आरबीआई गवर्नर

**मेहसाणा (गुजरात) :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि बैंक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि तय करने के लिए स्वतंत्र हैं और यह आरबीआई के नियामक अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। वह गुजरात के मेहसाणा जिले के गोजरिया ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेश पर आयोजित एक समारोह के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। एक निजी बैंक के बचत खातों के लिए जरूरी न्यूनतम शेष राशि बढ़ाने के बारे में पूछने पर मल्होत्रा ने कहा, ''आरबीआई ने न्यूनतम शेष राशि तय करने का निर्णय प्रत्येक बैंक पर छोड़ दिया है। कुछ बैंकों ने इसे 10,000 रुपये रखा है, कुछ ने 2,000 रुपये रखा है और कुछ ने (ग्राहकों को) इससे छूट दी है। यह (आरबीआई के) नियामक अधिकार क्षेत्र में नहीं है।'' आईसीआईसीआई बैंक ने एक अगस्त से नए बचत खाते खोलने वालों के लिए न्यूनतम शेष राशि की सीमा बढ़ा दी है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, बचत बैंक खाते में न्यूनतम औसत मासिक शेष राशि (एमएबी) पांच गुना बढ़ाकर 10,000 रुपये से 50,000 रुपये कर दी गई है। यह राशि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पांच गुना बढ़ाकर क्रमशः 25,000 रुपये और 10,000 रुपये की गई है। दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक ने बचत खाताधारकों को न्यूनतम शेष राशि न रखने पर दंडित नहीं करने का फैसला किया है।

### यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए भारत प्रतिबद्ध: प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की से कहा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र एवं शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत हरसंभव योगदान देने को प्रतिबद्ध है। वहीं, जेलेंस्की ने शांति स्थापना से जुड़े प्रयासों के लिए मोदी के समर्थन की सराहना की। हालांकि, उन्होंने भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद का अप्रत्यक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा कि यूक्रेन में युद्ध जारी रखने की मॉस्को की वित्तीय क्षमता में कमी लाने के लिए रूस से ऊर्जा, खासतौर पर कच्चे तेल के निर्यात को सीमित करने की जरूरत है।

### विदेशी पूंजी की वापसी से शेयर बाजार में तेजी; सेंसेक्स 746 अंक उछला, निफ्टी भी बढ़त में

**मुंबई :** विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच तेल, वाहन एवं बैंक शेयरों में खरीदारी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में उछाल रही। बीएसई सेंसेक्स 746 अंक उछलकर 80,000 के ऊपर पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी में 222 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 746.29 अंक यानी 0.93 प्रतिशत बढ़कर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 778.26 अंक बढ़कर 80,636.05 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 221.75 अंक यानी 0.91 प्रतिशत बढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 26 कंपनियों में तेजी रही। टाटा मोटर्स, इटरनल, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और मारुति के शेयरों में गिरावट रही।

# सरकार ने अमेरिकी शुल्क बढ़ोतरी के बीच समुद्री खाद्य निर्यातकों से नए बाजार तलाशने को कहा

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को समुद्री खाद्य निर्यातकों से उच्च अमेरिकी शुल्क की मौजूदा चुनौती का साहसपूर्वक सामना करने को कहा। उन्होंने साथ ही कहा कि निर्यातकों को झींगा और दूसरी मछलियों के निर्यात के लिए वैकल्पिक बाजार तलाशने चाहिए। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत के समुद्री खाद्य निर्यात के लिए वैकल्पिक बाजार उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, ''यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और कई देश भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए उपलब्ध हैं।'' सिंह ने कहा, ''हमने उनसे (निर्यातकों से) मौजूदा चुनौती का साहसपूर्वक सामना करने को कहा है। वैकल्पिक बाजार उपलब्ध हैं... जहां चाह है, वहां राह है।'' मंत्री ने दूसरे बाजारों तक पहुंचने से पहले मूल्यवर्धन और पैकेजिंग में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमने उनसे कहा कि अन्य बाजारों तक पहुंचने से पहले, मूल्य संवर्धन और पैकिंग में सुधार की जरूरत है। हमने इस दिशा में काम करने को कहा है।''

### सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए 50 देशों पर दे रही ध्यान

सरकार देश के निर्यात को गति देने के लिए कई उपायों पर काम कर रही है। इसमें पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों के 50 देशों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह कहा। अमेरिका के भारतीय सामानों पर लगाए गए भारी शुल्क के बीच ये कदम उठाये जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि जिन 50 देशों पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही है, उन देशों में भारत का कुल निर्यात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा जाता है। अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय निर्यात विविधीकरण, आयात प्रतिस्थापन और निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने सहित चार उपायों पर काम कर रहा है।



## आयुष्मान योजना हेतु धन न मिलने से संकट

यह सरकार द्वारा वित्त पोषित, दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के लिये एक बड़ा झटका है कि हरियाणा के छह सौ से अधिक निजी अस्पतालों के मालिकों ने इस योजना से किनारा करने का मन बनाया है। निश्चित रूप से इतनी बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों का मोहभंग होना सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिये चिंता की बात ही कही जा सकती है। अस्पतालों की दलील है कि उन्हें पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निश्चय ही राजग सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक खामियां ही उजागर हुई हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना में गंभीर रोगों का उपचार कराने वाले लोगों के प्रत्येक परिवार के लिये पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार का वायदा किया गया था। लेकिन अकसर निजी अस्पतालों की ओर से आरोप लगाया जाता रहा है कि इस योजना के तहत उपचार कराने वाले मरीजों के बिल का भुगतान कभी समय पर नहीं किया जाता है। निश्चय ही कोई योजना तब तक प्रभावी नहीं कही जा सकती, जब तक वह केवल कागजों तक ही सीमित रहती है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में आयुष्मान कार्डधारकों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाएं बंद हो जाएंगी। इस स्थिति में उन मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, जो गरीबी के चलते महंगे इलाज करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में उन्हें अपना या अपने परिजनों का कारगर इलाज करने में लंबे विलंब का सामना करना पड़ेगा।

जाहिर बात है कि आयुष्मान योजना का लाभ न मिलने से मरीजों को मजबूरी में संसाधन विहीन सरकारी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ सकता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पताल पहले ही मरीजों के भारी दबाव को झेल रहे हैं और कई अस्पतालों में पर्याप्त व विशेषज्ञ चिकित्सकों का नितांत अभाव है। वहीं तमाम सरकारी अस्पतालों में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाओं की कमी अकसर बनी रहती है। वैसे सरकार की कल्याणकारी मंशा पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन समय पर योजना के लिये धन उपलब्ध न करा पाने की स्थिति निराशाजनक और नुकसान पहुंचाने वाली साबित हो सकती है। निस्संदेह, जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे मरीज नौकरशाही की अड़चनों के कम होने का इंतजार नहीं कर सकते। साथ ही गरीबी से जूझ रहे रोगी निजी अस्पतालों में उपचार नहीं करा सकते क्योंकि अधिक परिचालन लागत वाले अस्पताल बिना भुगतान के सेवाएं देने में असमर्थ हैं। निस्संदेह, यह संकट एक व्यापक मुद्दे की ओर इशारा करता है कि जन कल्याणकारी योजनाओं को बनाते वक्त सावधानी, व्यावहारिक बजट और उसका कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन करना जरूरी है। ऐसे में समय पर धन आवंटन, नियमित ऑडिट और अस्पतालों व मरीजों के लिये एक शिकायत निवारण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये मजबूत तंत्र बनाया जाना चाहिए। इसके लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये अपने बजट में वृद्धि करनी चाहिए। यदि जीडीपी का सिर्फ दो फीसदी स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च किया जाता रहा तो महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजनाएं हकीकत में लड़खड़ाती रहेंगी।

# युवा : वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक



ललित गर्ग

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल 'भविष्य के नेता' कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं; दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निर्माताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है।

स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है-'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निर्माता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।

युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृ'आप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।' युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है-आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है। युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा।

**अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 अगस्त 2025 पर विशेष**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है।

युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए।

युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषतः राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।' उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसलिये युवकों के लिये जरूरी है कि वे जोश के साथ होश कायम रखे। इसीलिये सुकरात को भी नवयुवकों पर पूरा भरोसा था। वे जानते थे कि नवयुवकों का दिमाग उपजाऊ जमीन की तरह होता है। उन्नत विचारों का जो बीज बो दें तो वही उग आता है। एथेंस के शासकों को सुकरात का इसलिए भय था कि वह नवयुवकों के दिमाग में अच्छे विचारों के बीज बोने की क्षमता रखता था। आज की युवापीढ़ी में उर्वर दिमागों की कमी नहीं है मगर उनके दिलो दिमाग में विचारों के बीज पल्लवित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द और सुकरात जैसे लोग दिनोंदिन घटते जा रहे हैं।

कला, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में भी ऐसे कितने लोग हैं, जो नई प्रतिभाओं को उभारने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं? हेनरी मिलर ने एक बार कहा था- ''मैं जमीन से उगने वाले हर तिनके को नमन करता हूं। इसी प्रकार मुझे हर नवयुवक में वट वृक्ष बनने की क्षमता नजर आती है।'' महादेवी वर्मा ने भी कहा है ''बलवान राष्ट्र वही होता है जिसकी तरुणाई सबल होती है।'' इसीलिये युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि वह युवा दिवस पर कोई ऐसी क्रांति घटित करे, जिससे युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन आ सके, हिंसा-आतंक-विध्वंस की राह को छोड़कर वे निर्माण की नयी पगडंडियों पर अग्रसर हो सके।

# राजनीतिक स्वाधीनता के बाद अब- लड़नी होगी आर्थिक आजादी की जंग!



डॉ घनश्याम बादल

15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ भारत आज 2025 में आजादी के 78 साल बाद एक दूसरी आजादी के जंग में खड़ा है । बेशक हम एक संप्रभु राष्ट्र हैं, राजनीतिक रूप से हमारा एक अलग देश है और हम स्वतंत्र राष्ट्र हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से दुनिया भर में जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ट्रंप टैरिफ' लागू किया है उसकी छाया हम पर भी पड़ी है बल्कि कहें कि यदि किसी पर इस तथाकथित ट्रंप टैरिफ की मार पड़ी है तो वह भारत ही है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी बार-बार कहते रहे हैं कि यह समय युद्ध का नहीं बल्कि शांति एवं समृद्धि की राह पर चलने का है लेकिन आज दुनिया भर में युद्ध के बादल छाए हुए हैं। यूक्रेन और रूस का युद्ध पिछले करीब 3 साल से जारी है, इसराइल और फिलिस्तीन में भारी संघर्ष हुआ और गाजा पट्टी का इलाका लगभग तबाह हो गया। इस बीच अमेरिका ने ईरान पर भी हमला किया, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में भी तीखा संघर्ष हुआ जिसमें पस्त हो रहे पाकिस्तान ने त्राहिमाम त्राहिमाम करते हुए युद्ध विराम की प्रार्थना की और भारत मान गया।

शायद यही बहुत बड़ी ग़लती हुई और इस युद्ध विराम का श्रेय लूटने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार पर निगाह गड़ाए बैठे डोनाल्ड ट्रंप मैदान में कूद पड़े। यह बड़ी अजीब स्थिति थी। यदि भारत यह स्वीकार करता कि डोनाल्ड ट्रंप ने ही यह युद्ध विराम कराया है तब सरकार और देश दोनों की भद्द पिटती।

राजनीतिक दूर दृष्टि एवं अंदरूनी सियासत दोनों पर निगाह रखते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात न स्वीकार की और न ही इस पर टिप्पणी की। इससे देश के अंदर भी माहौल गर्माया शायद प्रधानमंत्री की इसी चुप्पी से डोनाल्ड ट्रंप चिढ़ गए और उन्होंने व्यापार घाटे की आड़ में भारत पर पहले 25% का टैरिफ लगाया और फिर भारत द्वारा यह कहने पर की किसी भी देश ने भारत से युद्ध विराम की बात ही नहीं की वह और भी ख़फ़ा हो गए और उन्होंने 25% का अतिरिक्त टैरिफ भी 27 अगस्त 2025 से भारत पर थोपने की घोषणा कर दी।

प्रश्न यह उठता है कि आज स्वाधीनता दिवस के अवसर पर इस घटना का जिक्र क्यों किया जा रहा है। तो इसका सीधा सा जवाब यह है कि हम राजनीतिक रूप से तो आज स्वतंत्र हैं, स्वाधीन है और आज़ादी की हवा में सांस ले रहे हैं लेकिन आर्थिक रूप से हम आज भी इतने मज़बूत नहीं हैं की आर्थिक मार को झेल सकें। टैरिफ प्रकरण की वजह से एक बार फिर से देश के सामने आर्थिक आजादी पाने का संघर्ष मुंह बाए खड़ा है।

हमने सैन्य संघर्ष में तो पाकिस्तान के घुटने टिकवा दिए लेकिन आर्थिक युद्ध में हम आज चारों तरफ से घिरे हुए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था भले ही विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई हो लेकिन हम आज भी अमेरिका, चीन रूस और जापान जैसे देशों से बहुत पीछे हैं। हमने विकास तो किया है 'चार कदम सूरज की ओर' बढ़ाए भी हैं और 'उभरते हुए भारत' यानी 'इमर्जिंग इंडिया' की बातें भी जोर-जोर से उछलीं है लेकिन असली बात यही है कि आज भी आर्थिक रूप से हम आत्मनिर्भर देश के रूप में नहीं जाने जाते हैं।

जीवन के कई क्षेत्रों में हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं और व्यापार घाटे का सामना भी कर रहे हैं । हमारे निर्यात पर अकेले अमेरिका द्वारा टैरिफ लगा दिए जाने से भारी आशंकाएं उभर कर सामने आई है और विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इससे हमारी विकास दर एवं अर्थव्यवस्था को भारी झटका लग सकता है तो इस दृष्टि से देखें तो आज भी आर्थिक आज़ादी हमसे बहुत दूर है।

रक्षा उपकरण, विमान, हथियार और तकनीकी विकास के मामले में हम बहुत हद तक विदेशों पर निर्भर हैं । डॉलर, पौंड, युआन और रूबल तथा यूरो आदि के मुकाबले आज भी रुपए की हालत बहुत खराब है और लगातार

**स्वाधीनता दिवस विशेष :**

यह है स्थिति बद से बदतर होती दिखती है । यदि हम आर्थिक रूप से सबल राष्ट्र के रूप में खड़े नहीं हो पाते हैं तो फिर राजनीतिक स्वाधीनता भी बेमानी हो जाती है।

यदि आर्थिक रूप से हमें स्वाधीनता प्राप्त करनी है तो ऊर्जा, खनिज पदार्थ, तेल, तकनीकी और रक्षा उपकरणों के मामले में हमें बहुत दूर तक जाना होगा । अपने बल पर अंतरिक्ष तक जाने लायक बनना होगा और निर्यात की दृष्टि से भी पूरे विश्व पर कड़ी दृष्टि रखनी होगी । विश्व भर के बाजार में अपने आयात निर्यात का इस प्रकार से विस्तार करना होगा कि आने वाले समय में हम किसी एक राष्ट्र या गुट पर निर्भर न रहें जिससे अपनी आयात निर्यात की नीति और राजनीतिक तथा आर्थिक स्थिति के हिसाब से अपने निर्णय बेख़ौफ़ होकर लेने की सामर्थ्य जुटा सकें।

उत्तरी भारत के गांवों में एक बड़ी मशहूर कहावत है 'एक पैसा 'एक अकल और चार पैसे दस अकल' यानी आप जितने समृद्ध होंगे, जितने आत्मनिर्भर होंगे और अपनी रक्षा करने में समर्थ होंगे आपकी आजादी उतनी ही यथार्थ परक होगी तथा ठोस धरातल पर खड़े होकर आप पूरी दुनिया को अपने अनुसार चलने के लिए राज़ी कर पाएंगे तथा ज़रूरत पड़ी तो झुकने के बजाय झुकाने का सामर्थ्य भी तब आप में होगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक रूप से स्वावलंबी और सफल होने के लिए देश को अंदरुनी स्तर पर भी उत्पादन का स्तर एवं गुणवत्ता दोनों पर ध्यान देना होगा। कृषि क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग तथा स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण के साथ-साथ तकनीकी तथा हस्त कौशल को बहुत आगे ले जाना होगा। स्वदेशी के प्रचार प्रसार और प्रयोग से ही सचमुच में 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे को यथार्थ के धरातल पर उतर जा सकता है।

आंतरिक स्तर पर भी आय का वितरण समान करने पर काफी कार्य करना पड़ेगा । खासतौर पर कृषि को केवल वर्षा या प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता है । साथ ही साथ अचानक आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के लिए भी एक 'प्रोएक्टिव सिस्टम' तो तैयार करना ही होगा किसी प्राकृतिक आपदा के आ जाने पर उससे निपटने के त्वरित उपाय एवं संसाधन भी जुटाने होंगे।

यदि हमें सचमुच में एक विश्वगुरु व आत्मनिर्भर, उभरता हुआ भारत बनाना है तो फिर आर्थिक स्थिति को मजबूत करना ही पड़ेगा लेकिन साथ ही साथ हमें अपनी परंपरा संस्कृति एवं विरासत को भी अक्षुण्ण रखते हुए उसे समृद्ध भी करना पड़ेगा । विकास के लिए किसी का भी अंधानुकरण करना लंबे समय तक कभी सार्थक नहीं हो सकता है । यदि हमें एक समर्थ और महाशक्तिवान भारत बनाना है तो आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से भी सशक्त,समर्थ, सक्षम एवं ठोस भारत का निर्माण करना होगा।

-लेखक एक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली 16-17 सितंबर को भारत के दौरे पर होंगे : विदेश मंत्रालय के सूत्र

**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 16-17 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर जा सकते हैं। काठमांडू में विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान व्यापार, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी, संपर्क, पनबिजली और सीमा जैसे कई बड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्री के प्रेस सलाहकार एकराज पाठक ने बताया कि विदेश मंत्रालय प्रस्तावित उच्च-स्तरीय दौरे के लिए एजेंडा और यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहा है। विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने सोमवार को कहा कि नेपालगंज और दिल्ली के बीच सीधी उड़ानें प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के दौरान एजेंडे में शीर्ष पर होंगी। देउबा प्रधानमंत्री ओली के साथ भारत जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हो सकती हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय में शीर्ष नेताओं, सांसदों और उद्योगपतियों के साथ बैठक में कहा, पश्चिमी नेपाल के नेपालगंज शहर और नयी दिल्ली के बीच सीधा हवाई संपर्क हमारे एजेंडे में शीर्ष पर होगा। देउबा ने कहा, अगर ऐसा हुआ, तो निश्चित रूप से पश्चिमी नेपाल की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 अगस्त, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष तृतीया, 08:40 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 11:42 तक, योग : सुकर्माण, 18:49 तक, सूर्योदय: 5:12, सूर्यास्त: 18:12, चन्द्रोदय : 20:15, चन्द्रास्त: 07:51, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 14:54 से 16:30

## राशिफल

**मेष :** आपका दिन मिलाजुला रहेगा और नौकरी करने वाले लोग अपने काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। ऐसे में आसपास के लोग आपकी सराहना भी करेंगे। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** दिन शुभ और सुकून भरा रहने वाला है। राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने प्रयासों का सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकता है और सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन :** आपको किसी भी प्रकार की यात्रा के समय सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा कोई मूल्यवान वस्तु खो या चोरी हो सकती है। ऐसे में यात्रा को इस समय टालना बेहतर रहेगा।

**कर्क :** कारोबार के मामले में आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। चन्द्रमा नवम भाव में होने से आपको उत्तम संपत्ति प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह :** आपकी राशि का स्वामी सूर्य ग्रह चार ग्रहों के बीच में होने से नौकरी में आमदनी के नए स्रोत बन सकते हैं। आपकी मधुर वाणी और व्यवहार कार्यक्षेत्र में सम्मान दिलाएगी।

**कन्या :** दिन उत्तम रहने वाला है और भाग्य का भी आपको पूरा साथ मिलेगा। व्यापार और कारोबार के मामले में आपके द्वारा किए गए प्रयासों से अब बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है।

**तुला :** आपके चारों ओर सुखद वातावरण बना रहेगा, जिससे मन भा प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामलों में चल रही समस्याएं अब दूर हो सकती हैं। धन प्राप्ति के भी शुभ संकेत मिल रहे हैं।

**वृश्चिक :** राशि से मार्गी शनि और पंचम चंद्र योग चलने से आपको सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही, स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना होगा। कोई भी समस्या होने पर डॉक्टर के पास जरूर जाएं।

**धनु :** रोजगार और व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। मित्रता होने से भी आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** आर्थिक मामलों में दिन अनुकूल रहने वाला है और आपको बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। कार्यस्थल पर अधीनस्थ कर्मचारियों का सम्मान और सहयोग प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** आपका दिन कुछ परेशानियों और बाधाओं से भरा रह सकता है। व्यापार के मामले में कुछ कार्यों में आपको समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन :** कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाते समय आपको सावधानी बरतनी होगी। ऐसा न करने से कोई मूल्यवान वस्तु चोरी या खो हो सकती है।

## विदेश की खबरें

### ब्रिटेन में अवैध तरीके से कामकाज करने वालों पर कार्रवाई, कई भारतीयों समेत सैकड़ों लोग गिरफ्तार

**लंदन :** ब्रिटेन में आपूर्ति करने वाली कंपनियों के लिए अवैध रूप से काम करने के संदेह में दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ सप्ताहभर तक कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने कई भारतीयों समेत सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह खुलासा किया कि उसके आव्रजन प्रवर्तन दलों ने हाल ही में 'नेशनवाइड इंटेंसिफिकेशन वीक ऑफ एक्टिविटी' के तहत 'ऑपरेशन इक्वलाइज़' चलाया जिसका उद्देश्य अवैध रूप से काम करने वालों को चिह्नित करना था और आपूर्ति करने वाले चालक के रूप में काम करने वाले प्रवासियों पर ध्यान केंद्रित करना था। गृह मंत्रालय ने बताया कि 20 से 27 जुलाई के बीच कुल 1,780 व्यक्तियों को रोका गया, जिनमें से 280 प्रवासियों और शरणार्थियों को जरूरी दस्तावेजों के बगैर काम करते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। ऐसी ही एक छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने पश्चिमी लंदन के हिलिंगडन में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया, जिनमें से पांच को अवैध कार्य गतिविधि के लिए हिरासत में लिया गया।

### पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने अमेरिका में एक बार फिर भारत विरोधी राग अलापा

**न्यूयॉर्क :** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत विरोधी राग अलापते हुए कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। मुनीर ने फ्लोरिडा के टेम्पा में पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने पानी के अधिकारों की हर कीमत पर रक्षा करेगा। पहलगाम हमले से कुछ हफ्ते पहले मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को नहीं भूलेगा और उन्होंने दावा किया था, 'यह हमारे गले की नस (बेहद महत्वपूर्ण) है।' भारत ने उनके इस बयान को खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था, 'किसी भी विदेशी चीज का 'गले की नस' से क्या संबंध हो सकता है? यह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान से इसका एकमात्र संबंध यह है कि पड़ोसी देश अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करे।' अपने संबोधन में मुनीर ने कहा कि हाल में भारत के साथ हुए संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने 'दृढ़ता एवं प्रबलता से' प्रतिक्रिया दी और इस्लामाबाद ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की ओर से किसी भी आक्रमण का 'मुंहतोड़ जवाब' दिया जाएगा। पाकिस्तानी सेना के एक बयान के अनुसार, मुनीर आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं और उन्होंने पाकिस्तानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ ही वरिष्ठ राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की है। प्रवासी पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित करते हुए मुनीर ने कहा कि कश्मीर 'भारत का आंतरिक मामला नहीं है, बल्कि एक अधूरा अंतरराष्ट्रीय एजेंडा है।

## वर्ग पहेली नं. 3175

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | | ■ | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | 10 | | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | | | ■ | ■ | 15 | | | 16 |
| 17 | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | ■ | |
| 20 | 21 | | | ■ | | ■ | 22 | | |
| 23 | | ■ | ■ | 24 | | | | ■ | |
| 25 | | | | | ■ | ■ | 26 | | |

*ऊपर से नीचे :-* 1) नग्न, 2) झूमना; थिरकना, 3) मिलना; प्राप्त होना, 4) टुकड़े करना, 5) खींचकर बाँधना, 7) कमी; न्यूनता, 9) कारनामा, 10) मुकरना, 11) पीड़ा; नख़रा, 13) इच्छा, 16) असफलता, 17) जुर्म, 19) अफ़ग़ानिस्तान की राजधानी, 21) गिरवी, 22) घड़ा, 24) मध्यकक्ष.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) नज़र टीका; काजल का गोल चिन्ह, 3) इनाम, 6) किलकिलाना *(खुशी में बच्चों का)*, 8) बड़बड़ाना, 10) सजा-सँवरा, 12) लक्ष्मी, 13) कमल, 14) तर्कहीन ; कमज़ोर, 15) झूलना, 18) प्रेमिकों जैसा, 20) हैरान, 22) कीचड़, 23) रीति; पथ, 24) रत्ती भर; तनिक-सा, 25) बहुत बड़ा धनवान, 26) पियक्कड़.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ■ | झे | ल | ना | ■ | प्र | ■ | प | री |
| द | ■ | ल | ■ | मी | ■ | वा | ■ | ल | ता |
| त | मा | म | ■ | गि | र | ह | क | ट | ■ |
| ■ | यू | ■ | छो | रा | ■ | ■ | ■ | ना | श |
| आ | स | रा | ■ | मी | न | मे | ख | ■ | क |
| दि | ■ | ज़ी | न | ■ | त | ■ | ब | गु | ल |
| ■ | त | ■ | ग | र | म | ■ | र | म | ■ |
| ब | र | बा | दी | ■ | स्त | ■ | दा | ■ | गौ |
| ला | ल | ■ | ■ | त | क | दी | र | व | र |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | 4 | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 9 |
| 7 | 2 | 4 | | | | 3 | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 9 | | 5 | 8 | | |
| | 8 | | | | | 1 | 4 | |
| | 5 | | | | 8 | | | |
| 9 | 3 | 6 | | | | | 8 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3131 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 6 | 1 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 | 4 |

# मुख्यमंत्री ममता ने खुदीराम बोस को दी श्रद्धांजलि, केसरी 2 के मेकर्स की आलोचना की

## क्रांतिकारी खुदीराम बोस का अपमान करने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बॉलीवुड फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' के निर्माताओं के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया। खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के दौरान उन्होंने कहा कि इस फिल्म में बंगाल के क्रांतिकारी खुदीराम बोस को गलत तरीके से 'खुदीराम सिंह' के नाम से दिखाया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ममता बनर्जी ने कहा कि फिल्म में खुदीराम बोस का नाम गलत तरीके से दिखाना बंगाली



भाषा पर हमला है और उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान दी। इस दिन, ममता बनर्जी ने लिखा कि क्रांतिकारी खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर मेरा सादर नमन। हाल ही में एक हिंदी फिल्म में खुदीराम को 'सिंह' कहा गया। जिन्होंने देश की आजादी के लिए जान दी, उनका अपमान क्यों किया जा रहा है? क्या अब भाषा को लेकर नफरत फैलाने वाले लोग अमर क्रांतिकारियों को भी नहीं छोड़ेंगे? ममता बनर्जी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में आगे कहा कि फिल्म में बंगाल के इस वीर सपूत को पंजाब का बेटा दिखाया गया, जो पूरी तरह गलत है। ममता बनर्जी ने कहा कि मेदिनीपुर के इस निडर नौजवान को फिल्म में पंजाब का बेटा दिखाया गया है। यह दुखद और असहनीय है। हम हमेशा उनका सम्मान करते आए हैं, जो देशभक्ति और बलिदान की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खुदीराम बोस की यादों को बचाने और सम्मान देने के लिए कई काम कर रही है। खुदीराम बोस के जन्मस्थान महाबनी और उसके आस-पास के इलाकों के और बेहतर विकास के लिए 'महाबनी डेवलपमेंट अथॉरिटी' बनाई गई है। इसके अलावा, उनके इलाकों में खुदीराम की मूर्ति लगाई गई है। पुरानी लाइब्रेरी की मरम्मत की गई है। एक नया और बड़ा ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस रूम और ओपन स्टेज तैयार किया गया है। पर्यटकों के लिए आधुनिक कॉटेज बनाए गए हैं। पुराना खुदीराम पार्क फिर से सुंदर बनाया गया है। पूरे इलाके को लाइटों से सजाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उनकी सरकार ने कोलकाता में एक मेट्रो स्टेशन का नाम खुदीराम बोस के नाम पर रखा है।

## हाई कोर्ट में प्राथमिक शिक्षक भर्ती मामले की 21 अगस्त को होगी सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह प्राथमिक स्कूल के करीब 32,000 शिक्षकों की नौकरी समाप्त किए जाने को चुनौती देने वाली अपील पर 21 अगस्त को फिर से सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) और भर्ती प्रक्रिया के बीच अंतर पर प्रकाश डाला और न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने एक टिप्पणी में योग्य उम्मीदवारों की पहचान करने की प्रक्रिया पर जोर दिया। न्यायमूर्ति रीतोब्रतो कुमार मित्रा की एक खंडपीठ एकल पीठ द्वारा प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की नौकरी समाप्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की पीठ ने 12 मई, 2023 को लगभग 32,000 उम्मीदवारों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया था, जिन्होंने 2014 की टीईटी के आधार पर 2016 में चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्राथमिक शिक्षकों के रूप में भर्ती होने पर शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा नहीं किया था। बाद में, एक खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में इन नौकरियों को समाप्त करने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी। उच्चतम न्यायालय के पहले के एक आदेश और 32,000 नौकरियों को एक साथ रद्द करने के मुद्दे पर उच्च न्यायालय के एक पूर्व आदेश पर भी सुनवाई में चर्चा हुई। शीर्ष अदालत के पहले के आदेश में कहा गया था कि अंतिम फैसला सुनाए जाने से पहले सभी प्रभावित पक्षों के बयान सुने जाने चाहिए।


**श्रीद्धेश्वर शिव समाज संघ**
**(पश्चिम बंगाल सोसाइटी एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत)**
**243ई/1, आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र रोड, कोलकाता-700 006**
**सूचना**

सर्वसाधारण सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण सभा आगामी दिनांक 06.09.2025 दिन शनिवार सायं 6 बजे संघ के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा, जिसमें सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। जो सदस्य वर्ष 2025-2026 एवं 2026-2027 के कार्यकारिणी में आने के इच्छुक हों वो अपना नामांकन पत्र दिनांक 25 अगस्त दिन सोमवार से 4 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार रात्रि 8 बजे तक संघ के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

निवेदक :
श्री राजेश कुमार जायसवाल, *अध्यक्ष*
श्री अमरनाथ जायसवाल, *मंत्री*
श्री सुरेश कुमार साव, *कोषाध्यक्ष*


### न्यूज ब्रीफ

#### पीएम मोदी का बंगाल दौरा स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस महीने बंगाल दौरा स्थगित हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी तय तारीख से दो दिन बाद आ सकते हैं। हालांकि, भाजपा सूत्रों ने अभी तक उनके कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की है। प्रधानमंत्री का दमदम सेंट्रल जेल मैदान में दो कार्यक्रम है। वह मेट्रो परियोजना के एक कार्य का उद्घाटन करने वाले हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी उसी मैदान में एक जनसभा भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार यह खबर है। हालांकि, मोदी के बंगाल दौरे की तारीख अभी तय होनी बाकी है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री 20 अगस्त को बंगाल पहुंचने वाले थे। बदले हुए कार्यक्रम के मुताबिक वह 22 तारीख को पहुंचेंगे। हालांकि, यह सूत्रों के मुताबिक है। बंगाल भाजपा सूत्रों ने अभी तक पीएम मोदी के दौरे की तारीख में बदलाव के बारे में कुछ भी पुष्टि नहीं की है। हालांकि, राजनीतिक हलकों के एक वर्ग के अनुसार, संसद सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। पीएम उसमें व्यस्त हो सकते हैं। इसलिए, मोदी इसके समाप्त होने के बाद बंगाल आना चाहते हैं। वह उस दिन दोहरे कार्यक्रम में शामिल होंगे। एक ओर, मोदी सियालदह से एस्प्लेनेड मेट्रो मार्ग का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वह दमदम सेंट्रल जेल परिसर में एक जनसभा भी करेंगे।

#### 3 महीने बीत गए, केवल 20 बेरोजगार शिक्षक ही अपने पुराने पदों पर लौटे

**कोलकाता, समाज्ञा :** उन्होंने अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी और शिक्षक बनने के लिए एसएससी परीक्षा पास की। उन्होंने कुछ वर्षों तक स्कूलों में भी पढ़ाया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2016 के पूरे एसएससी पैनल को रद्द करने के बाद, वे अपनी पुरानी सरकारी नौकरियों में लौट रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, राज्य प्रशासन ने बेरोजगार शिक्षकों में से उन लोगों को बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो पहले सरकारी नौकरियों में कार्यरत थे। अब तक, नवान्न ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 20 लोगों की नियुक्ति के लिए हरी झंडी दे दी है। पता चला है कि इन 20 लोगों ने गृह, बिजली, आपदा और प्रतिक्रिया विभागों में अपनी नौकरी छोड़ दी और स्कूल सेवा आयोग की परीक्षा पास करके शिक्षक बन गए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन 20 लोगों में से पांच ने गृह विभाग में अपनी नौकरी छोड़ दी और शिक्षकों की नौकरी में शामिल हो गए। पता चला है कि अब तक अपनी पुरानी नौकरियों में बहाली के लिए लगभग 4,500 आवेदन जमा किए गए हैं।

#### पुलिस की पिटाई में आरजी कर पीड़िता की मां घायल, अब पुलिस के खिलाफ होगी एफआईआर

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की पहली बरसी पर शनिवार को आयोजित नवान्न अभियान के दौरान पीड़िता की मां पुलिस की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो गईं। आरोप है कि पुलिस के लाठीचार्ज में उनके सिर पर गंभीर चोट आई और हाथ में पहने शंखा-पोला टूट गए। शनिवार की इस घटना के बाद अब पीड़िता के पिता ने कोलकाता पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार की शाम को शनिवार को हुई कोलकाता पुलिस की निर्मम पिटाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एफआईआर व्यक्तिगत रूप से थाने जाकर नहीं, बल्कि ऑनलाइन दर्ज कराई जाएगी।

## दीघा में जगन्नाथ मंदिर के बाद अब राज्य में 'दुर्गा आंगन', कैबिनेट ने दी मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता बनर्जी ने अभी कुछ दिन पहले ही कहा था कि दीघा स्थित जगन्नाथ धाम के बाद, अब 'दुर्गा आंगन' की बारी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के अनुसार, सोमवार को राज्य सचिवालय नवान्न में हुई कैबिनेट बैठक में 'दुर्गा आंगन' निर्माण के फैसले पर आधिकारिक मुहर लगा दी गई। इस दिन, मंत्री अरूप बिस्वास ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक ट्रस्ट का गठन किया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्यों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी। 'दुर्गा आंगन' के निर्माण में हिडको और पर्यटन विभाग सहयोग करेंगे। राज्य सरकार जल्द ही मंदिर निर्माण के लिए बजट और मंदिर कहां बनेगा, इस पर फैसला करेगी। मंत्री अरूप बिस्वास और फिरहाद हकीम ने नवान्न में एक प्रेस



कॉन्फ्रेंस की। वहां, अरूप ने कहा कि यूनेस्को ने बंगाल की दुर्गा पूजा को विरासत का दर्जा दिया है। उसका सम्मान करते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'दुर्गा आंगन' बनाने की घोषणा की। इसे आज कैबिनेट की बैठक में पारित कर दिया गया। वैसे सूत्रों के मुताबिक, यह 'दुर्गा आंगन' राजारहाट इलाके में बनाया जाएगा लेकिन खबर के लिखे जाने तक जगह के नाम की अधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी।

## आई-पैक और ममता बनर्जी सरकार के बीच गठजोड़, हो जांच : शुभेंदु अधिकारी

### नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से लगाई जांच की गुहार

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल प्रशासन और आई पैक के बीच कथित गठजोड़ की तत्काल जांच की मांग उठाई है। उनका दावा है कि 8 अगस्त को उनकी पिछली पोस्ट में बताए गए सबूतों से पता चलता है कि आई-पैक, जो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए काम करने वाली निजी परामर्श फर्म है, राज्य सरकार और प्रशासन में घुसपैठ कर चुकी है। उनका कहना है कि आई-पैक के लोग पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अधिकारियों और



आईएएस अधिकारियों को भी निर्देश दे रहे हैं, जो सत्ता के दुरुपयोग का गंभीर मामला है। यह न सिर्फ राजनीति और जनसेवा की सीमाओं को मिटा रहा है, बल्कि राज्य के खजाने को टीएमसी के अभियान के लिए इस्तेमाल करने का खतरा भी पैदा कर रहा है। अधिकारी ने इसे वित्तीय घोटाला और पश्चिम बंगाल के हर नागरिक के साथ विश्वासघात करार दिया है। उनका आरोप है कि यह गठजोड़ लोकतंत्र के लिए खतरा बन गया है। शुभेंदु अधिकारी ने मंत्री से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के जरिए गहन जांच की मांग की है। वे चाहते हैं कि इस जांच में यह पता चले कि क्या आई-पैक ने सरकार के संचार में अनधिकृत रूप से दखल दिया, राज्य के आईटी संसाधनों का गलत इस्तेमाल हुआ, डेटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ, या सार्वजनिक धन से आई-पैक को अवैध भुगतान किया गया। उनका कहना है कि यह सिर्फ प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि सिस्टम में फैली गहरी भ्रष्टाचार की जड़ है। शुभेंदु अधिकारी ने वादा किया कि वे इस मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगे और जनता के हक के लिए आवाज उठाएंगे।

#### बेहाला में बस दुर्घटना, 10 घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला में सोमवार को बस दुर्घटना में कम से कम 10 लोग घायल हो गए। पता चला है कि बस मेट्रो रेल की रेलिंग से टकरा गई, जिससे बस का अगला हिस्सा मुड़ गया। पुलिस ने बस को पहले ही जब्त कर लिया है। दुर्घटना दोपहर करीब 1 बजे बेहला में हुई। रूट 12सी पर एक निजी बस मेट्रो की रेलिंग से टकरा गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बस बेहाला चौराहे से तारातला की ओर जा रही थी। हालांकि, दोपहर करीब 1 बजे बस स्टैंड नंबर 14 के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि, दुर्घटना कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेस के कारण तेज गति से बस ने नियंत्रण खो दिया। इसी वजह से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में बच्चों समेत 10 लोग घायल हो गए।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/566, दिनांक 08.08.2025; वरिष्ठ संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/सिग/टी/15/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: ईएक्स-एसडीएएच (एस)-बीएलएन-बीजीबी अनुभाग में एल/बॉक्स, सिग्नल पोस्ट, एलसी गेट इत्यादि के प्रतिस्थापन एवं पुनरुद्धार के साथ विश्वसनीयता में सुधार। निविदा मूल्य : रु. 94,00,159.68; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा : रु. 1,88,000; निविदा दस्तावेज की कीमत : शून्य। कार्य समापन अवधि : 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख : 25.08.2025; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख : 08.09.2025 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख : 08.09.2025 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड : निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।
(SDAH-160/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए कार्य करते हुए उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/जीएसयू/चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **क्रमांक: 1; निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-जीएसयू-2025-26-जीएस-04; कार्य का नाम:** अमृत स्टेशन योजना के तहत चक्रधरपुर और टाटानगर के लिए व्यापक सीवेज उपचार संयंत्र का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,79,68,342.26; **बयाना राशि:** ₹ 3,89,900.00; **निविदा की लागत:** 0.00; **खुलने की तिथि:** 26.08.2025। निविदा को वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल ऑफ़र को अनदेखा किया जाएगा। **नोट:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाकर्ताओं को निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-506)

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. केपीए-ईआरएस-ओटी-01-25-26, दिनांक 08.08.2025; उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24-परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा के लिए निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **विवरण:** केपीए वर्कशॉप में री-केबलिंग के दौरान विद्युत रेल इंजनों में री-पाइपिंग, मात्रा: 48 अदद। **निविदा मूल्य:** जीएसटी एवं अन्य सभी शुल्कों के साथ रु. 7,71,73,313। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 29.08.2025 को 15.00 बजे। **समापन अवधि:** 24 महीने। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (MISC-164/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## बारुइपुर में भाजपा बूथ अध्यक्ष की पीट-पीटकर हत्या, तृणमूल कार्यकर्ताओं पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बारुइपुर में एक और राजनीतिक हत्या का मामला सामने आया है। बारुइपुर नगरपालिका के वार्ड 15 में भाजपा बूथ अध्यक्ष राजीव विश्वास (22) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भाजपा का आरोप है कि गत 8 अगस्त की रात को भाजपा में शामिल होने पर उनके पिता निताई विश्वास और भाई संदीप विश्वास ने घर पर ही उनकी बुरी तरह पिटाई की। भाजपा का दावा है कि राजीव के पिता और भाई तृणमूल कार्यकर्ता हैं। बारुइपुर पश्चिम 1 मंडल भाजपा अध्यक्ष गौतम चक्रवर्ती के अनुसार, राजीव को धारदार हथियारों से भी मारा गया, जिससे उनके शरीर पर कई गहरे घाव हो गए। आरोप है कि हमले के बाद राजीव को रातभर घर में ही छोड़ दिया गया और 9 अगस्त को जब




उन्हें बारुइपुर उपजिला अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, वार्ड 15 की तृणमूल पार्षद अर्चना मलिक ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तृणमूल का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने इसे पूरी तरह से पारिवारिक मामला बताया और कहा कि पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

पुलिस ने राजीव विश्वास का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बारुइपुर पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रताप सेनगुप्ता ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। भाजपा ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।

## कुणाल घोष ने आरजी कर पीड़िता के पिता के आरोपों को बताया निराधार

❑ **'बंगाल सरकार ने सीबीआई को पैसे देकर मामला निपटाया', पीड़िता के पिता का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर पीड़िता के पिता ने पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सीबीआई को पैसे खिलाए और कुणाल घोष जाकर केंद्रीय एजेंसी से सैटलमेंट कर आए। वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता और प्रवक्ता कुणाल घोष ने इसे बेतुका बताया। उन्होंने पीड़िता के पिता पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। सोमवार को कुणाल घोष ने सोशल मीडिया पर लिखा कि झूठ और नाटक की सारी सीमाएं पार की जा रही हैं। मैं बेटी खो चुके पिता के दर्द को समझता हूं, लेकिन जिनके कहने पर आप यह कर रहे हैं उन पर सवाल उठना लाजमी है। यहां इस तरह मेरा नाम लेकर झूठा आरोप किसके कहने पर, किस आधार पर लगाया गया है।

घोष ने कहा कि मेरे खुद के खिलाफ सीबीआई के दो मामले चल रहे हैं और मैं कानूनी लड़ाई लड़ रहा हूं। ऐसे में मैं कोई सैटलमेंट कैसे कर सकते हैं और सीबीआई इसे क्यों मानेगी? सबको पता है कि सीबीआई को भाजपा नियंत्रित करती है। आप खुद उनके साथ नवान्न अभियान में जाते हैं। आपके प्रति सम्मान और सहानुभूति रखते हुए कह रहा हूं कि सीबीआई से मुझे जोड़ने का यह झूठा प्रचार आपराधिक षड्यंत्र है।

## ठाकुरपुकुर थाने में दो डॉक्टरों ने दी हाजिरी

❑ **बिना अनुमति साइकिल रैली करने पर पुलिस ने जारी किया था नोटिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** ठाकुरपुकुर थाने ने अभया मंच के दो संयोजकों को 8 अगस्त को बिना अनुमति के साइकिल जुलूस निकालने के आरोप में तलब किया। दोनों डॉक्टरों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। सोमवार को अभया मंच के दोनों संयोजक ठाकुरपुकुर थाने में पेश हुए। बता दें कि आरजी कर मामले को एक साल बीत चुका है।

इस महीने की 8 तारीख को, लगभग 65 लोगों ने निष्पक्ष सुनवाई की मांग को लेकर बेहाला से कॉलेज स्क्वायर तक साइकिल पर विरोध मार्च निकाला। यह साइकिल जुलूस अभया मंच के आह्वान पर आयोजित किया गया था। हालांकि, पुलिस के पास इस साइकिल जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद, ठाकुरपुकुर थाने ने अभया मंच के दो संयोजकों, डॉ. पुण्यब्रत गुण और डॉ. तमोनाश चौधरी, और दो ड्राइवरों को तलब किया था। ठाकुरपुकुर थाने ने कहा कि वे पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन में पेश होंगे। अंततः, इस दिन, दोनों डॉक्टर और उनके दो ड्राइवर थाने में पेश हुए। दूसरी तरफ, इस दिन, डॉक्टरों के संयुक्त मंच, अभया मंच और अन्य चिकित्सा संगठनों ने इन दोनों डॉक्टरों को थाने बुलाए जाने के विरोध में थाने से थोड़ी दूरी पर धरना दिया।

# भाई की 'हत्या' का बदला लेने के लिए गोलीबारी!

### बशीरहाट में तृणमूल कार्यकर्ता बाल-बाल बचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कुछ महीने पहले, उत्तर 24 परगना के बशीरहाट में एक तृणमूल कार्यकर्ता की गोली मारकर 'हत्या' कर दी गई थी। अब, एक और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के घर को लक्ष्य कर गोलीबारी की गई है। हालांकि, तृणमूल कार्यकर्ता किसी तरह हमले से बच निकला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। क्या यह हमला भाई की 'हत्या' का बदला लेने के लिए किया गया है? यही सवाल उठ रहा है। बताया गया है कि तृणमूल कार्यकर्ता मोइदुल शेख बशीरहाट के गोटरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के घोना गांव में रहता हैं। सोमवार के तड़के बदमाशों ने उसके घर पर धावा बोल दिया। कथित तौर पर, कई राउंड गोलियां चलाई गईं। मोइदुल किसी तरह बदमाशों से अपनी जान बचाने के लिए छिप गया। आरोप है कि गोलियों की बौछार दरवाजे पर की गई। आवाज सुनकर स्थानीय लोग बाहर आए तो बदमाश भाग गए। तृणमूल कार्यकर्ता और उसका परिवार इस घटना से दहशत में है। बशीरहाट थाने में कुछ लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि गत 17 जुलाई को इलाके के एक सक्रिय तृणमूल कार्यकर्ता अनवर हुसैन गाजी की 'हत्या' कर दी गई थी। घटना के सिलसिले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, मुख्य आरोपी अभी भी फरार है, लेकिन घटना को लेकर इलाके में अभी भी डर है। इस बीच, यह हमला सोमवार के तड़के हुआ। हालांकि, घटना में आरोप मृत अनवर हुसैन गाजी के भाई जाकिर हुसैन गाजी की ओर है। लेकिन, इस हमले का कारण पता नहीं चल पाया है। हालांकि, जाकिर हुसैन गाजी का दावा है कि उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को सुनियोजित तरीके से फंसाया जा रहा है।

## धर्मतला में भीड़ और सुरक्षा संभालने के लिए लालबाजार बनाएगा कंट्रोल कमांड पोस्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर के व्यस्त और राजनीतिक रूप से संवेदनशील धर्मतला क्षेत्र में भीड़ और सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए कोलकाता पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। लालबाजार ने धर्मतला मेट्रो चैनल चौराहे पर एक अत्याधुनिक कंट्रोल कमांड पोस्ट बनाने का निर्णय लिया है। धर्मतला आने वाले समय में शहर का प्रमुख मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनने जा रहा है। यहां पहले से ही कवि सुभाष-दक्षिणेश्वर मेट्रो लाइन का जंक्शन है, और अब ईस्ट-वेस्ट तथा जोका-धर्मतला मेट्रो रूट के जुड़ने से इस इलाके का महत्व और बढ़ जाएगा। राज्य सरकार ने इस हब के निर्माण का जिम्मा केंद्रीय एजेंसी 'राइट्स' को सौंपा है। योजना के तहत यहां बेसमेंट पार्किंग, बस प्रतिक्षालय, अंडरपास और राजनीतिक सभाओं के लिए निर्धारित स्थान बनाए जाएंगे। लालबाजार के एक अधिकारी के अनुसार, पहले हेयर स्ट्रीट थाने के तहत एक छोटे दो मंजिला कंट्रोल पोस्ट की योजना थी, लेकिन बाद में इसे विस्तारित कर लगभग नौ हजार 540 वर्गफुट क्षेत्रफल वाला भवन बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके लिए परिवहन विभाग को भूमि आवंटन का अनुरोध भेजा गया है। प्रस्तावित भवन में डिप्टी कमिश्नर का कार्यालय, बैरक, अधिकारियों के कक्ष, महिला पुलिस कर्मियों के लिए अलग आवास, विज़िटर रूम और रिज़र्व ऑफिस, सब एक ही परिसर में होंगे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हावड़ा से धर्मतला मेट्रो शुरू होने के बाद यहां यात्री संख्या में तेज़ी से वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों में इस इलाके में 498 से अधिक राजनीतिक कार्यक्रम हुए हैं। ऐसे में, मल्टी-मॉडल हब शुरू होने के बाद भीड़ और ट्रैफिक दबाव और बढ़ेगा। इस स्थिति में पुलिस की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए यह कंट्रोल कमांड पोस्ट आवश्यक है। परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि मानव सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। पुलिस की इस योजना में हर संभव सहयोग किया जाएगा।

#### हरिदेवपुर में फ्लैट से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के एक आलीशान आवासीय परिसर ईडन टॉली लेकसाइड में सोमवार की दोपहर एक भयावह घटना घटी। एक वृद्ध महिला की पांचवीं मंजिल की छत से गिरकर मौत हो गई। मृतका की पहचान सुप्रिया नियोगी (68) के रूप में हुई है। पता चला है कि निवास की पहली मंजिल पर रहने वाले एक निवासी ने सबसे पहले उसे खून से लथपथ देखा और मदद के लिए चिल्लाया। अन्य निवासी घटनास्थल पर दौड़े। उसे एमआर बांगुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में, परिवार के सदस्यों ने कहा कि सुप्रिया देवी लंबे समय से बीमार थीं। हालांकि, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि वह छत पर क्यों गई थी? पुलिस सूत्रों के अनुसार, वे जांच कर रहे हैं कि यह महज एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई और रहस्य है।


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

### अभिषेक बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर और मुर्शिदाबाद जिला नेतृत्व के साथ की बैठक

# एनआरसी के खिलाफ मजबूत अभियान का संदेश, रायगंज लोकसभा में हार पर नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाल ही में असम सरकार ने उत्तर दिनाजपुर में कई लोगों को एनआरसी नोटिस जारी करके राजनीतिक हलचल मचा दी है। इस बार, तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस मुद्दे पर एक बड़े आंदोलन का संदेश दिया है। उन्होंने पार्टी के ज़िला नेताओं को निर्देश दिया है कि एनआरसी के खिलाफ एक मजबूत अभियान चलाएं। लोगों के साथ खड़े हों। अभिषेक ने



कोलकाता के कैमक स्ट्रीट में उत्तर दिनाजपुर और मुर्शिदाबाद जिलों के नेताओं के साथ एक अहम बैठक की। वहां उन्होंने संकेत दिया कि वे न सिर्फ आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन का पुनर्गठन करेंगे, बल्कि एनआरसी को भी ध्यान में रखेंगे। जिला नेतृत्व को सीधा संदेश, पुराने, समर्पित और परखे हुए कार्यकर्ताओं को आगे लाएं। उन लोगों को महत्व दें जिन्होंने जमीनी स्तर पर दिन-रात काम किया है। अभिषेक ने रायगंज शहरी क्षेत्र के सभी बूथों पर पार्टी की हार पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल किया कि इतने सारे बूथों पर एक भी नहीं जीत पाए? यह कैसे संभव है? उन्होंने रायगंज लोकसभा में कम वोटों से मिली हार में ज़िला नेतृत्व के एक वर्ग की भूमिका पर भी सीधा असंतोष जताया। उन्होंने निर्देश दिया कि रायगंज और करणदिघी विधानसभा क्षेत्रों के हर बूथ पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए।

# गौ तस्करी के संदेह में वृद्ध की पिटाई के मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

### पुलिस ने धनबाद से मुख्य आरोपी को दबोचा

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के युवा भाजपा नेता पारिजात गंगोपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर गौ तस्करी का आरोप लगाकर एक वृद्ध व्यक्ति की पिटाई करने और कान पकड़कर सड़क पर घुमाने का आरोप है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद, घटना की कड़ी निंदा हुई और कोक-ओवन थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। उस शिकायत के आधार पर, पुलिस ने रविवार की रात पारिजात को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार कर लिया और दुर्गापुर ले आई। इस मामले में अब तक 9 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। मुख्य



आरोपी पारिजात फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने रविवार रात झारखंड के धनबाद के पास से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि यह विवाद 31 जुलाई को शुरू हुआ था। उस दिन, भाजपा युवा नेता पारिजात गंगोपाध्याय और उनके समर्थकों ने दुर्गापुर के कोक-ओवन थाने के डुमुरतला में गायों से भरे एक छोटे ट्रक को पकड़ा था। गायें बांकुड़ा जिले के बड़जोड़ा ब्लॉक के हाट अशुरिया से खरीदी गई थीं। ट्रक में 14 गायें थीं। ट्रक में सवार लोगों के हाथ और गर्दन में रस्सियां बांधकर उनकी पिटाई की गई थी। उन्हें कान पकड़कर उठक बैठक करवाया गया था। पिटाई करने वालों में कुछ बुज़ुर्ग भी शामिल थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आरोप है कि गाय व्यापारी की पिटाई की गई और उसके सारे पैसे छीन लिए गए। इतना ही नहीं, गायों को भी छोड़ दिया गया। इस घटना में पीड़ितों ने पारिजात और उसके समर्थकों के खिलाफ कोक ओवन थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### भांगड़ में गांजा तस्करी के आरोप में महिला समेत दो गिरफ्तार, 22 किलो गांजा बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के भांगड़ में गांजा तस्करी के आरोप में महिला और उसके सागिर्द को गिरफ्तार किया गया। पता चला है कि सोमवार की सुबह कोलकाता पुलिस ने दोनों को भांगड़ थाना अंतर्गत बराली घाट इलाके में बासंती हाईवे पर 22 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में सियालदह स्टेशन से आरोपी दोनों लोग एक सफेद टैक्सी में उत्तर 24 परगना के घुसीघाटा इलाके की ओर जा रहे थे। तभी, सूचना मिलने पर कोलकाता पुलिस के भांगड़ संभाग की पुलिस टीम और भांगड़ थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर बराली घाट इलाके में वाहन को रोका। बाद में, कार की डिक्की से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से महिला समेत कुल दो लोगों को गिरफ्तार किया।

## नवान्न अभियान को लेकर कानून-व्यवस्था भंग, पांच एफआईआर दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** शनिवार को नवान्न अभियान के दौरान हुए कानून-व्यवस्था भंग की घटनाओं पर कोलकाता पुलिस ने कुल पांच एफआईआर दर्ज की हैं। इस बार, पहला मामला न्यू मार्केट थाने में और एक मामला हेयर स्ट्रीट थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी, हालांकि किन नेताओं या समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई हुई और किन घटनाओं में मामला दर्ज किया गया, इस पर स्पष्ट विवरण साझा नहीं किया गया।

पुलिस के बयान के अनुसार, नौ अगस्त को आयोजित इस विरोध के दौरान कई अलग-अलग घटनाएं हुईं। इनमें हाई कोर्ट के निर्देश की अवहेलना कर आर.आर. एवेन्यू के बजाय जुलूस को पार्क स्ट्रीट की ओर ले जाना, अन्य राजनीतिक दल के 'राखी' स्टॉल पर उत्पात मचाना, एक पुलिस कॉन्स्टेबल पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करना, हॉकर यूनियन कार्यालय में तोड़फोड़ और एक पत्रकार के कैमरे को क्षतिग्रस्त कर उसे जबरन रोककर रखने जैसी घटनाएं शामिल हैं। पुलिस ने अदालत में दो आवेदन भी दायर किए हैं। इनमें पुलिस के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने, जनता को असुविधा पहुंचाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप भी लगाए गए हैं। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### नवान्न अभियान को लेकर हावड़ा में दो एफआईआर दायर

**हावड़ा, समाज्ञा :** नवान्न अभियान को लेकर हावड़ा सिटी पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दो एफआइआर दर्ज किये हैं। एक एफआईआर हावड़ा थाना और दूसरा जगाछा थाने में दर्ज हुआ है। दोनों मामलों में अज्ञात लोगों के खिलाफ अवैध रूप से एकत्रित होने, पुलिस के आदेशों की अवहेलना करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित कई धाराओं के तहत मामले दर्ज किये गये हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि नौ अगस्त को इस अभियान के दौरान हावड़ा मैदान और सांतरागाछी में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति हुई थी।

## कोलकाता में गुरुदेव अजरअमर स्वामी की 211वीं जयंती पर भव्य आयोजन

**कोलकाता :** जैन धर्म गुरु गुरुदेव अजरअमर स्वामी की 211वीं जन्म जयंती के अवसर पर रविवार को कोलकाता के कला मंदिर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नवलखा जैन मंदिर समिति और गुरुदेव के समस्त भक्तों द्वारा किया गया, जिसमें भवानीपुर, टालीगंज, बड़ाबाजार तथा अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि समिति के सदस्यों और परिजनों ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों और सोशल मीडिया के कुप्रभाव को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे सोशल मीडिया आज के युवाओं और बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, और इससे बाहर निकलकर सही मार्ग चुनने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

पूज्य श्री गुरुदेव आदर्श जी




महाराज साहेब स्वयं मंच पर उप-स्थित रहे और प्रत्येक नृत्य-नाटिका के अंत में अपने अनमोल वचनों द्वारा उसका सार भक्तों को विस्तार से समझाया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु गहराई से प्रभावित हुए। कार्यक्रम के अंत में नवलखा समिति के सदस्यों और परिजनों ने नवकार मंत्र की शक्ति पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रेश मेघानी (रोमी) अध्यक्ष, दीपक गाठाणी, दिलेश पटेल (उपाध्यक्ष), दिलेश भीमाणी (सचिव), हर्षद शेठ, भरत भायाणी (संयुक्त सचिव), भावेश चौबटिया (कोषाध्यक्ष), रमणिकभाई खारा, मयूर शेठ, निमेष शाह, मनीष दोषी, हर्षद शाह, प्रफुल लखानी, विकास खारा, परेश दफ्तरी, दिनेश महेता, पंकज देसाई, दिनेश मेहता, धर्मेश भीमाणी, हेमल दफ्तरी, राजेश मोदी, पुलिन पारेख, एवम मितेन शाह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा, बहारगाम चिनाई से पधारे भक्त जिनेशभाई का चंद्रेश मेघाणी ने किया और हैदराबाद से पधारे परेशभाई का भी श्री संघ की ओर से सम्मान दिलेश भीमाणी ने किया गया। मंच संचालन दक्षिण भारतीय ने किया तथा दीपक गाठाणी ने आए हुए सभी मेहमानों, कलाकारों और विशेष रूप से परम पूज्य गुरुदेव श्री आदर्शचंद्र महाराज साहेब का आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली में दीवार गिरने से बंगाल के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**मुर्शिदाबाद :** देश की राजधानी में बंगाल के निवासी एक ही परिवार के चार लोगों की मौत दीवार गिरने से हो गई है। पुलिस व स्थानीय व मृतकों को जानने वालों के अनुसार, उक्त घटना दिल्ली के मठीपुर में घटी। सभी मृतक मुर्शिदाबाद जिले के नोउदा थाना अंतर्गत गंगाधारी जोरतला ग्राम के निवासी बताये गए हैं। भारी बारिश के कारण उन लोगों की घर की दीवार अचानक गिर गई। दीवार के नीचे दबने से दो छोटे बच्चों सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे और मूल रूप से गंगाधारी जोरतला ग्राम के रहने वाले थे। मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन और स्थानीय सत्तारूढ़ पार्टी के नेत-



ाओं की मदद से सोमवार को चारों शवों को गांव लाया गया। सोमवार की दोपहर जब चारों शव एक साथ ग्राम पहुंचे, तो हर कोई स्तब्ध और दुखी नजर आया। गांववालों ने इस त्रासदी को अकल्पनीय बताया। नोउदा के बीडीओ देबाशीष सरकार ने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है और प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। गांव में अभी भी मातम पसरा हुआ है।



**एमसीसीआई के अध्यक्ष अमित सराओगी और उपाध्यक्ष मुनीश झाझरिया ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस को सौजन्य मुलाकात के दौरान मेमेंटो भेंट किया। इस मौके पर एस. रॉय, डीडीजी, एमसीसीआई उपस्थित रहे।**

## सेनको गोल्ड ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर 'चेन फेस्टिवल' और 'फ्रीडम ऑफर' किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के उत्सव के अवसर पर 'चेन फेस्टिवल' और खास 'फ्रीडम ऑफर' की शुरुआत की है। इस ऑफर के तहत गोल्ड, प्लेटिनम और डायमंड चेन व नेकपीस के कई नए और आकर्षक डिजाइनों की श्रृंखला ग्राहकों के लिए पेश की गई है। स्वतंत्रता उत्सव के इस खास मौके पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने गोल्ड, डायमंड, सिल्वर, प्लेटिनम और गॉसिप ज्वेलरी आइटम्स पर भारी छूट के साथ कई ऑफर भी जारी किए हैं। इस फेस्टिव कलेक्शन में परंपरागत विरासत और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मिश्रण है, जो भारतीय संस्कृति की एकता, गर्व



और शिल्प कौशल की झलक दिखाता है। कंपनी के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने बताया कि इस फ्रीडम ऑफर में गोल्ड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 25% तक, डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 78% तक, डायमंड वैल्यू पर 5% तक, प्लेटिनम पर 15%, सिल्वर पर 10% और गॉसिप पर 15% तक की छूट दी जा रही है। साथ ही, कीमती पत्थरों पर 10% छूट और पुराने सोने के एक्सचेंज पर कोई कटौती नहीं की जाएगी। मार्केटिंग और डिजाइन प्रमुख, जोइता सेन ने बताया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर गोल्ड चेन में 86 नए डिजाइनों के साथ-साथ डायमंड और प्लेटिनम में 10-10 नए डिजाइनों को लॉन्च किया गया है। अगस्त महीने में भारतभर में मनाए जाने वाले त्यौहारों जैसे तीज, ओणम, वरलक्ष्मी, फ्रेंडशिप डे और राखी को ध्यान में रखते हुए मांगलसूत्र, सिल्वर-गोल्ड व डायमंड राखी, सोलिटेयर रिंग्स समेत कई नए ऑफर भी उपलब्ध हैं। यह फ्रीडम ऑफर 17 अगस्त तक सभी शोरूम और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा।

### अमेज़न ने किया भारत भर में जल पुनःपूर्ति परियोजनाओं में 37 करोड़ से अधिक का निवेश

**कोलकाता :** अमेज़न इंडिया ने भारत भर में जल पुनःपूर्ति परियोजनाओं में 37 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। आज कंपनी ने इस बात की घोषणा की। इन परियोजनाओं से सालाना 3 अरब लीटर से ज़्यादा पानी बहाल होने और जल-संकटग्रस्त समुदायों के लोगों को लाभ होने की उम्मीद है। यह परियोजनाएं चार प्रमुख शहरी केंद्रों-बेंगलुरु, हैदराबाद, नई दिल्ली और मुंबई-में फैली हुई हैं। 2027 तक भारत में अपने प्रत्यक्ष संचालन में इस्तेमाल होने वाले पानी से ज़्यादा पानी समुदायों को वापस करना अमेज़न का लक्ष्य है और यह पहल उसका समर्थन करती है। अमेज़न इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वाईस प्रेसिडेंट – ऑपरेशन्स, अभिनव सिंह ने कहा, जल सुरक्षा भारत की एक सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौती है, और इससे निपटने के लिए सभी क्षेत्रों में सहयोग और समाधान की आवश्यकता है।

## चिनार पार्क में होटल से बीएसएफ कांस्टेबल का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा**

एक होटल के बंद कमरे से एक बीएसएफ कांस्टेबल का शव बरामद हुआ। सोमवार को एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने चिनार पार्क स्थित होटल से मंगल ढिलन नाम के बीएसएफ कांस्टेबल का शव बरामद किया। शव को बरामद कर बिधाननगर उपजिला अस्पताल भेज दिया गया। आज शव को पोस्टमार्टम के लिए आरजी कर अस्पताल भेजा जाएगा। पता चला है कि मृत बीएसएफ कांस्टेबल का घर पंजाब के सुल्तानपुर में है। वह इसी महीने की 3 तारीख को चिनार पार्क स्थित इस होटल में ठहरा था। वह पिछले एक महीने से छुट्टी पर था। उसे इसी महीने की 4 तारीख को 5वीं बटालियन दिल्ली मुख्यालय सीजीओ कॉम्प्लेक्स में काम पर लगना था। लेकिन, वह काम पर जाने के बजाय इसी होटल में रुका था। होटल सूत्रों के अनुसार, पिछले दो दिनों से बीएसएफ कांस्टेबल के कमरे से कोई जवाब नहीं आया। इस दिन, दोपहर में फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं मिलने पर होटल अधिकारियों ने एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। एयरपोर्ट थाने की पुलिस आई और कमरे का दरवाज़ा खोला तो देखा कि कांस्टेबल जमीन पर पड़ा था। शव सड़ने लगा था। होटल प्रशासन ने बताया कि कमरे में एसी चालू था, इसलिए दुर्गंध नहीं आ रही थी। इसलिए उन्हें किसी पर शक नहीं हुआ। पुलिस ने होटल के कमरे से शराब की कई बोतलें बरामद की हैं। पुलिस अभी यह नहीं बता पा रही है कि मौत ज़्यादा शराब पीने की वजह से हुई है या नहीं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की शुरुआती रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## कलकत्ता ब्वॉयज स्कूल में दो दिवसीय 'क्रेसेंडो 2025' वार्षिक सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मौलाली स्थित कलकत्ता ब्वॉयज स्कूल में 8 और 9 अगस्त 2025 को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक संध्या 'क्रेसेंडो 2025' का भव्य आयोजन किया गया। रक्षा बंधन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की थीम 'मिस्टिकल मोमेंट्स' रही, जिसने कला, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर स्तुति और दिव्य प्रार्थना से हुआ। स्कूल कोयर ने 'वी आर हियर टू प्रेज यू' प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिकता से भर दिया। तत्पश्चात कैथोलिक आर्च डायोसिस ऑफ कोलकाता के विकर जनरल फादर डोमिनिक गोम्स ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मारिया फर्नांडीज, डॉ. शार्लोट सिम्पसन, फादर मलॉय डी'कोस्टा,



गैरी अराथून और अनीता अराथून मौजूद रहे। सभी ने विद्यार्थियों के अनुशासन, उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की। कलकत्ता ब्वॉयज ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सचिव राजा मैगी के स्वागत भाषण ने श्रोत-ाओं में उत्साह का संचार किया। इसके बाद दीप प्रज्वलन की परंपरा निभाई गई।

पहली प्रस्तुति ट्रायल एंड ट्रायम्फ रही, जो शेक्सपीयर के नाटक द मर्चेंट ऑफ वेनिस के ट्रायल सीन पर आधारित थी। कक्षा 7 से 10 तक के छात्रों के सशक्त अभिनय ने न्याय, बुद्धिमत्ता और मानवीय मूल्यों का प्रभावी चित्रण किया। मुख्य अतिथि और प्रसिद्ध टॉलीवुड निर्देशक अरित्र सेन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को भविष्य का गौरव बताया। धन्यवाद ज्ञापन मल्टीमीडिया प्रस्तुति के माध्यम से हुआ, जिसमें सभी के योगदान को सम्मानित किया गया। इट्स अ स्मॉल वर्ल्ड गीत के साथ कर्टन कॉल और अंत में स्कूल गीत व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### एएमपीएआई के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 24 अगस्त को

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'एसोसिएशन ऑफ माइनॉरिटी प्रोफेशनल एकेडमी इंस्टीट्यूट' (एएमपीएआई) ने सिख उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 2025 की प्रवेश परीक्षा 24 अगस्त को पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और त्रिपुरा के 10 केंद्रों पर आयोजित किए जाने की घोषणा की। यह परीक्षा पश्चिम बंगाल में एएमपीएआई से संबद्ध पांच कॉलेजों में दो वर्षीय नियमित एम.टेक, एम.फार्मा, एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रदान करती है। एएमपीएआई ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सीईई-एएमपीएआई-2025-डब्ल्यूबी (कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन-एसोसिएशन ऑफ माइनॉरिटी प्रोफेशनल एकेडमिक इंस्टीट्यूट्स मास्टर्स वेस्ट बंगाल) एक राज्य-मान्यता प्राप्त परीक्षा है, जो पश्चिम बंगाल सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की देखरेख में आयोजित की जाती है। यह परीक्षा आसनसोल, जमशेदपुर, पटना, अगरतला, सिलीगुड़ी, कल्याणी और कोलकाता में आयोजित की जाएगी। कोलकाता में परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं।

### टीएएफई के मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट-सीजन 2 में कृषि-नवाचार को मिला सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुनिया के प्रमुख ट्रैक्टर निर्माता टीएएफई ने अपने मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट-सीजन 2 का सफल समापन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बहुमुखी मैसी फर्ग्यूसन डाइनाट्रैक 241 ट्रैक्टर से संचालित मौलिक व सामाजिक प्रभाव वाले कृषि-नवाचारों को पहचानना और सम्मानित करना था। देशभर से 26 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों से 16,000 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 फाइनलिस्ट चुने गए। ग्रैंड प्राइज कर्नाटक के बेलगाम निवासी अविनाश देसाई को मिला, जिन्होंने मोबाइल स्लरी डीवॉटरिंग मशीन का अभिनव विचार प्रस्तुत किया। उन्हें 8.2 लाख मूल्य का एमएफ 254 डाइनास्मार्ट 2डबल्यूडी ट्रैक्टर प्रदान किया गया। असम के प्रतीक अग्रवाल और पंजाब के अमृत जोत सिंह को क्रमशः सौर ऊर्जा आधारित एनर्जी हब और वॉटर प्यूरिफिकेशन यूनिट के विचार के लिए 8-8 ग्राम सोने का सिक्का मिला। इंस्टीट्यूशनल श्रेणी में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, त्रिची और बन्नारी अम्मान इंस्टीट्यूट, इरोड को सम्मानित किया गया। टीएएफई ने घोषणा की कि यह प्रतियोगिता अगले वर्ष और बड़े पैमाने पर लौटेगी।

### केष्टोपुर नहर से अज्ञात युवक का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** केष्टोपुर नहर में एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। पता चला है कि सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने बागजोला नहर में तैरते हुए शव को देखा। अनुमान है कि शव केष्टोपुर से लोहापुल की ओर बहकर आया था। नहर के आसपास के लोग इसे देखकर घबरा गए। उन्होंने बिधाननगर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के अनुसार, मृतक युवक का नाम और पहचान अभी तक पता नहीं चल पाई है। शव पर चोट के निशान हैं या मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। शुरुआत में, नहर किनारे किसी तरह की हाथापाई या खून के धब्बे नहीं मिले हैं। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव नहर में कैसे गिरा, हादसा हुआ या अपराध, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## 'तीन स्वर - एक भारत' : कविता के जरिए देशभक्ति को समर्पित एक विशेष काव्य संध्या



**❑ समर्पण ट्रस्ट एवं अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता द्वारा प्रस्तुत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर राष्ट्रप्रेम की भावना को कविता के मधुर स्वर में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से समर्पण ट्रस्ट एवं अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता द्वारा एक विशेष ओजपूर्ण काव्य संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 अगस्त को शाम 5 बजे ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी), साल्टलेक, कोलकाता में संपन्न होगा।

कार्यक्रम का शीर्षक तीन स्वर – एक भारत है, जिसमें देश के तीन प्रमुख राष्ट्रवादी कवि एक साथ मंच साझा करेंगे। यह काव्य संध्या केवल साहित्य का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत माता की आत्मा को शब्दों के माध्यम से प्रकट करने का एक संकल्प है। कविता यहां एक सैनिक की हुंकार, एक आम जन की पुकार और पूरे भारत की धड़कन बनेगी। समर्पण ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप ढेडिया ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह आयोजन युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम से जोड़ने और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। ट्रस्ट के जनसंपर्क सचिव अभ्युदय दुगड़ ने कहा कि यह काव्य संध्या हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और नवयुवकों के मन में देशभक्ति के बीज बोने का सार्थक माध्यम है।

कार्यक्रम के मुख्य कवि होंगे – डॉ. राहुल अवस्थी, जो हिन्दी साहित्य में पीएचडी और राष्ट्रकाव्य के प्रखर शिल्पी हैं। योगेंद्र शर्मा, जो सैनिक चेतना के प्रतिनिधि कवि हैं और देश-विदेश के हजारों मंचों पर अपनी कविताएं प्रस्तुत कर चुके हैं, तथा राष्ट्रपुत्री समीक्षा सिंह, जिनका कवि-कर्म राष्ट्रबोध और सामाजिक समरसता की भावना से ओत-प्रोत है। यह काव्य संध्या भारत की संस्कृति, समरसता और स्वाभिमान की पुनर्पुष्टि का पर्व है, जहां शब्दों से राष्ट्र की आत्मा की पुकार हर श्रोता के हृदय में गूंजेगी। समर्पण ट्रस्ट के सदस्य मनीष बजाज, पंकज भालोटिया, गणेश अग्रवाल, संजय जैन समेत कई अन्य सदस्य इस संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे।

## सदर स्ट्रीट में लगा एपीएएस व दुआरे सरकार शिविर



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने दो अगस्त से तीन नवंबर तक आमादेर पाड़ा आमादेर समाधान कार्यक्रम (एपीएएस) कार्यक्रम आयोजित कर रही है, इसके साथ ही यहां दुआरे सरकार शिविर भी लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को महानगर में वार्ड 63 के सदर स्ट्रीट में यह शिविर लगाया गया, जहां स्थानीय पार्षद व बोरो सात की चेयरपर्सन सुष्मिता भट्टाचार्य चटर्जी मौजूद रहीं। बताया गया है कि इस शिविर में वार्ड के जलापूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित स्थानीय मुद्दों के बारे में जानकारियां दी गयी। इसके साथ ही दुआरे सरकार शिविर में नये राशन कार्ड, लक्ष्मी भंडर, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए भी स्थानीय लोगों ने आवेदन किया। इस मौके पर वार्ड 63 के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बब्लू पाइन, तृणमूल युवा अध्यक्ष विशाल खटिक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### एसएमई के लिए टाइड ने शुरू की फिक्स्ड डिपॉजिट सुविधा, डिजिटल निवेश से मिलेगा बेहतर रिटर्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** छोटे और मध्यम कारोबार (एसएमई) के लिए अग्रणी बिजनेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म टाइड ने अपने ऐप पर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सुविधा शुरू की है। इस पहल के तहत एसएमई अब 8.84% तक वार्षिक ब्याज के साथ 7 दिन से 60 महीने की अवधि वाले सुरक्षित निवेश साधनों में केवल 1,000 रुपये से निवेश कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस है, जिससे उद्यमी सीधे टाइड ऐप के भीतर एफडी बुक, मैनेज और ट्रैक कर सकते हैं। टाइड ने सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, बजाज फाइनेंस और महिंद्रा फाइनेंस सहित कई आरबीआई-नियंत्रित बैंकों व एनबीएफसी के साथ साझेदारी की है। आरबीआई और क्रिसिल के आंकड़ों के अनुसार, अधिकांश एसएमई की पूंजी कम ब्याज वाले खातों में पड़ी रहती है और वे कम जोखिम के कारण तय रिटर्न वाले साधनों को प्राथमिकता देते हैं। टाइड इंडिया के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा कि यह सुविधा छोटे व्यवसायों को उनकी अतिरिक्त पूंजी से अधिकतम लाभ दिलाने और वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# रेड रोड पर स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू, बंगाली भाषा की परंपरा और गौरव पर जोर

❑ **अन्य राज्यों से लौटे प्रवासी श्रमिकों के भी उपस्थित रहने की संभावना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाली भाषा की परंपरा और गौरव अब स्वतंत्रता दिवस की धुन के साथ गूंजेगा। 15 अगस्त को रेड रोड पर राज्य सरकार के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मातृभाषा के प्रति जुनून का संदेश सुनाई देगा। जहां पहाड़ों से लेकर समुद्र तक, बंगाली भाषा की सार्वभौमिकता पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस बार, स्वतंत्रता दिवस समारोह में बंगाली भाषा के गौरव को पूरी दुनिया के सामने उजागर किया जाएगा। बंगाल की संस्कृति विभिन्न झांकियों के माध्यम से गीतों और नृत्यों में उभरेगी। खबर है कि इसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इस बार, परेड में उत्तर बंगाल, जंगलमहल और दक्षिण बंगाल के सभी वर्गों के कामकाजी लोग भाग लेंगे। पहाड़ों और उत्तर बंगाल के चाय बागानों के श्रमिक, राज्य के विभिन्न हिस्सों के किसान और अन्य क्षेत्रों के श्रमिक, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य मौजूद रहेंगे। नवान्न सूत्रों के अनुसार, अन्य राज्यों से प्रवासी श्रमिक भी मौजूद रह सकते हैं। हर साल की तरह इस साल भी मुख्यमंत्री 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। परेड की शुरुआत परेड कमांडर की जीप से होगी। सेना और पुलिस की विभिन्न टुकड़ियां होंगी। राज्य के कई स्कूलों के छात्र बंगाली में संदेशों के साथ गायन और नृत्य करके इस कार्यक्रम को और रंगीन बनाएंगे। इसके अलावा, लक्ष्मी भंडार, सबुज साथी, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसी विभिन्न जन-



उन्मुख परियोजनाओं को विभिन्न जुलूसों और झांकियों के माध्यम से उजागर किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राज्य के कई पुलिस अधिकारियों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करेंगे। पुलिस अधिकारियों को दो श्रेणियों में पदक प्राप्त होंगे। जिसमें 'उत्कृष्ट सेवा के लिए मुख्यमंत्री का पुलिस पदक' और 'कमांडेबल सेवा के लिए मुख्यमंत्री का पुलिस पदक' शामिल है।

## रेड रोड पर परेड रिहर्सल के दौरान 15 छात्र पड़े बीमार, अस्पताल में भर्ती



स्वतंत्रता दिवस से पहले रेड रोड पर परेड रिहर्सल के दौरान एक हादसा हो गया। कई स्कूलों के कम से कम 15 छात्र बीमार पड़ गए। बीमारों में से 9 को एसएसकेएम अस्पताल और 6 को कोलकाता मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने कहा कि वे गर्मी के कारण बीमार पड़े। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस अगले शुक्रवार को है। उससे पहले, सोमवार को रेड रोड पर कई स्कूलों के छात्रों के साथ परेड रिहर्सल आयोजित की गई थी। रिहर्सल के दौरान, कम से कम 15 लोग अचानक बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत बचा लिया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज किया गया। डॉक्टरों ने कहा कि 15 लोग शायद गर्मी के कारण बीमार पड़े। उन सभी की हालत स्थिर है।

## ऑफिस टाईम में रेड रोड पर परेड रिहर्सल, यातायात ठप से लोगों में नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सप्ताह के पहले कार्यदिवस सोमवार को, स्वतंत्रता दिवस परेड के रिहर्सल ने शहर के प्रमुख यातायात मार्ग रेड रोड को घंटों के लिए ठप कर दिया, जिससे हज़ारों कार्यालय जाने वालों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। रिहर्सल सुबह 10 बजे शुरू हुई, लेकिन इसके लिए रेड रोड को सुबह 8 बजे से ही बंद कर दिया गया था। कोलकाता पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में यह अभ्यास दोपहर 2 बजे तक चला। रेड रोड, जो धर्मतला सहित शहर के मध्य का सबसे व्यस्त मार्ग है, को बंद किए जाने से ट्रैफिक का दबाव दूसरे हुगली ब्रिज और आसपास के इलाकों में बुरी तरह बढ़ गया। दूसरे हुगली ब्रिज का वह हिस्सा जो धर्मतला की ओर उतरता है, बंद रहने से पुल पर भीषण जाम लग गया। यात्रियों को अपने वाहनों को लंबे चक्कर लगाकर मोड़ना पड़ा, जिससे उनकी दफ़्तर पहुंचने में घंटों की देरी हुई। कई लोगों ने शिकायत की कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से समय रहते पर्याप्त वैकल्पिक मार्ग की सूचना नहीं दी गई। नाराज यात्रियों का कहना है कि रिहर्सल के लिए सप्ताह का पहला कार्यदिवस और कार्यालयीन समय चुनना उचित नहीं था। उनका सवाल है कि रिहर्सल रविवार या सार्वजनिक अवकाश पर क्यों नहीं रखी गई? सुबह जल्दी, जैसे भारतीय सेना गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल करती है, वैसे समय क्यों नहीं चुना गया? सड़क को बंद करने के दो घंटे बाद ही अभ्यास क्यों शुरू हुआ? जनता की नाराजगी के बाद अब यह मुद्दा प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा और प्रोटोकॉल की दृष्टि से समय और दिन तय किए गए थे, लेकिन नागरिकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम में सार्वजनिक सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# 'आमादेर पाड़ा-आमादेर समाधान' को लेकर मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार राज्यवासियों की रोजमर्रा की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 'आमादेर पाड़ा-आमादेर समाधान' योजना चला रही है। सरकार का लक्ष्य स्थानीय समस्याओं के समाधान में निवासियों को सीधे तौर पर शामिल करना और प्रशासन को और अधिक सक्रिय बनाना है। ममता बनर्जी ने पहले ही एक दिशानिर्देश जारी कर दिया है जिसमें प्रत्येक जिले में इस परियोजना के प्रभारी मंत्रियों की भूमिका और ज़िम्मेदारियां सूचीबद्ध हैं। प्रत्येक जिले के प्रभारी मंत्री को अपने जिले में आयोजित समाधान शिविर में सप्ताह में कम से कम एक बार



आना होगा। कार्यक्रम अवधि के दौरान, जिम्मेदार मंत्री को ब्लॉक स्तर के निर्णयों की निगरानी के लिए जिला मजिस्ट्रेट के साथ संपर्क करना होगा। यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई जटिलता या समस्या है, तो हमें उसका समाधान करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के साथ मिलकर काम करना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शिविर संबंधी गतिविधियां ठीक से क्रियान्वित हो रही हैं, जिला मजिस्ट्रेट के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। परियोजना के अनुसार, हर तीन बूथ पर एक केंद्र या शिविर होगा। प्रत्येक बूथ पर एक सरकारी अधिकारी तैनात किया जाएगा, जो सप्ताह में एक बार सीधे शिकायतें सुनने के लिए उस क्षेत्र में उपस्थित रहेगा। बह शिविर प्रत्येक मोहल्ले में आयोजित किया जाएगा, जहां निवासी अपनी समस्याएं बता सकेंगे और बाद में उनके समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि यह कार्यक्रम आस-पड़ोस की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान में भूमिका निभाएगा।

### टाटा एआईए ने भारत की महलाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए लॉन्च की शुभ शक्ति

**कोलकाता :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन की गई एक टर्म इंश्योरेंस योजना शुभ शक्ति लॉन्च की है। यह सिर्फ जीवन बीमा उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक समग्र सुरक्षा योजना है जो हर महिला के जीवन के विशिष्ट चरण और वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिससे उसे अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा करने का अधिकार मिलता है, साथ ही वह अपनी व्यक्तिगत और व्यावसायिक यात्रा में आगे बढ़ती रहती है। टाटा एआईए की मुख्य अनुपालन अधिकारी (चीफ कंप्लायंस ऑफिसर), गायत्री नाथन ने कहा, भारतीय महिलाएं अपने वित्त और निवेश की ज़िम्मेदारी अपने हाथों में ले रही हैं, फिर भी उनके पास बीमा काफी कम है, जिससे किसी भी त्रासदी की स्थिति में उनके परिवार असुरक्षित हो जाते हैं।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

❑ **उलुबेड़िया उपजिला न्यायालय ने सात महीने के भीतर सुनाई सजा**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हत्या के मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के 7 महीने के भीतर ही उलुबेड़िया उपजिला न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजाई। बता दें कि पिछले साल 12 अप्रैल को चेंगाईल के कलाबागान इलाके में बाइक की आवाज को लेकर दो गुटों में झगड़ा हुआ था और इसी बात पर बापन मन्ना नाम के एक युवक की सड़क पर गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में, उलुबेड़िया उपजिला न्यायालय ने आरोपी आकाश जाना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही, बापन मन्ना के परिवार को 50,000 रुपये न चुकाने पर 6 महीने जेल की अतिरिक्त सजा सुनाई है। मामले में सरकारी वकील देव रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि आकाश जाना पर धारा 302 के तहत आरोप सिद्ध हो गए हैं, सोमवार को आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इस मामले में पिछले दिसंबर में आरोप पत्र तैयार किया गया था और महज सात-आठ महीने के भीतर ही सजा सुना दी गई। सरकारी वकील देबरंजन भट्टाचार्य ने कहा कि घटना 12 अप्रैल 2024 को हुई थी। ईद से एक दिन पहले की बात है। आकाश जाना ने बापन मन्ना की हत्या कर दी। इस मामले में एक अन्य व्यक्ति पर भी आरोप लगे थे। लेकिन अदालत ने उसे दोषी नहीं ठहराया। इस मामले में पिछले दिसंबर में आरोप तय किए गए थे। पिछले सात-आठ महीनों में 27-28 गवाह पेश किए गए। मुकदमे की प्रक्रिया बहुत तेज थी।

**न्यूज अपडेट**

### सियालदह डिवीजन ने स्वच्छता अभियान 2025 में प्लास्टिक कम और कर्मचारी कल्याण पर दिया जोर




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 के तहत स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, स्वास्थ्य इकाइयों और अन्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान विशेष रूप से प्लास्टिक कचरा कम करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। 11 अगस्त को सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए, जिसमें स्टील या पुन: प्रयोज्य लंच बॉक्स, कागज व कपड़े के बैग और रिफिलेबल पानी की बोतल जैसे विकल्प अपनाने का संदेश दिया गया। बारुईपुर जंक्शन, बारासात, कोलकाता, नैहाटी, सोनारपुर, बेलघरिया, दमदम जंक्शन और कृष्णनगर सिटी जंक्शन पर स्थापित प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों की कार्यक्षमता जांची गई और यात्रियों को इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा, दक्षिणदरी कॉलोनी स्वास्थ्य इकाई में हाउसकीपिंग सहायकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिससे फ्रंटलाइन स्वच्छता कर्मियों के कल्याण के प्रति पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को मजबूत किया गया। इन पहलों के माध्यम से सीलदह डिवीजन स्वच्छ, हरित और सतत रेलवे वातावरण निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत है।

### हावड़ा डिवीजन ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली साइकिल व बाइक रैली



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने सोमवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा - साइकिल व बाइक रैली' का आयोजन किया। नई डीआरएम बिल्डिंग से शुरू हुई इस रैली में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और स्वतंत्रता की भावना का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। इसका उद्देश्य नागरिकों को 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होकर अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में हावड़ा के डीआरएम, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी शामिल हुए। रैली में साइकिल और बाइक सवार तिरंगा लहराते हुए शहर में देशभक्ति, एकता और नागरिक गर्व का संदेश फैलाते रहे। अभियान के तहत केंद्रीय विद्यालय, बामनगाछी में भी तिरंगा रैली आयोजित की गई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। वहीं, हावड़ा स्टेशन के पुराने परिसर में मंडल सांस्कृतिक संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वतंत्रता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया गया।

### वनबंधु परिषद कोलकाता चैप्टर महिला समिति ने बी एस एफ के जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**कोलकाता :** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर वनबंधु परिषद, कोलकाता चैप्टर महिला समिति ने देश के वीर जवानों की देशभक्ति, बलिदान एवम् उनकी समर्पण भावना को नमन करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन नायकों के प्रति कृतज्ञता एवं धन्यवाद व्यक्त करना था जो देश की सुरक्षा एवं अखंडता की पहरेदारी में सीमा पर निरंतर डटे रहते हैं। इस अवसर पर महिला समिति की सदस्याओं ने लॉर्ड सिन्हा रोड, कोलकाता स्थित बी एस एफ के हेडक्वार्टर पहुंचकर 40 से अधिक जवानों तथा आई जी महोदय को तिलक लगाकर राखी बांधी। महिला समिति की सचिव नीलम पटवारी ने परिषद द्वारा ग्रामीण एवम वनवासी समाज को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये संचालित पंचमुखी आयामों की संक्षिप्त जानकारी दी। जवानों और महिला समिति की सदस्याओं ने मिलकर देशभक्ति के गीत गाए तथा नृत्य भी किया। कार्यक्रम वर्षा धानुका के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अलका मोदी, जयश्री मोहता भी उपस्थित थी।

### जेयू में सुरक्षा होगी और कड़ी, 70 सीसीटीवी और अतिरिक्त गार्ड तैनात की तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ा रहा है। दोनों परिसरों में 70 और सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। मुख्य परिसर में 50 और साल्टलेक परिसर में 20 कैमरे लगाए जाएंगे। वर्तमान में, विश्वविद्यालय के पांच द्वारों और कुछ छात्रावास क्षेत्रों में सीसीटीवी लगे हैं। इस बार, मुख्य परिसर में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें ओपन एयर थिएटर, सुवर्ण जयंती भवन और गेट नंबर तीन और चार का जंक्शन शामिल हैं। इसके साथ ही छात्रावासों में सीसीटीवी की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। निगरानी प्रणाली के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। हर आठ घंटे की शिफ्ट में 10 और सुरक्षा गार्ड जोड़े जाएंगे। जेयू के अधिकारियों ने सीसीटीवी लगाने के लिए राज्य सरकार से 65 लाख रुपये मांगे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय सोमवार को विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में लिया गया।

## बेलघाटा में नकली पुलिस स्टेशन बनाकर आम लोगों से जबरन करता था वसूली

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बेलघाटा इलाके से एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां फर्जी थाना चलाने के आरोप में गिरफ्तार विभास अधिकारी ने एक इमारत की तीसरी मंजिल किराए पर लेकर वहां नकली पुलिस थाना स्थापित किया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि विभास ने नेशनल ब्यूरो ऑफ सोशल इन्वेस्टिगेशन एंड सोशल जस्टिस नामक संस्था के बैनर तले यह फर्जीवाड़ा रचा था, जिसके जरिए वह लोगों को डराकर पैसे वसूल रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार, जुलाई महीने की शुरुआत में विभास ने बेलघाटा के सीआईटी रोड स्थित एक बहुमंजिला इमारत की तीसरी मंजिल किराए पर ली थी। वहां बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए, जिन पर संस्था का नाम अंकित था। दफ्तर




के अंदर और बाहर 'यूएसए इंटरपोल', 'इंटरनेशनल पुलिस' और 'पुलिस' जैसे स्टिकर और बोर्ड लगाए गए थे ताकि पूरा माहौल असली पुलिस स्टेशन जैसा दिखे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, वहां अक्सर नीली-लाल बत्ती लगी गाड़ियां देखी जाती थीं। नीली वर्दी में हथियारबंद बाउंसरनुमा लोग सुरक्षा में तैनात रहते थे। गिरफ्तारी से ठीक एक दिन पहले तक इन गार्डों को वहां देखा गया था, लेकिन अगले ही दिन अचानक सब कुछ हटा दिया गया और लोग गायब हो गए।

फ्लैट के मालिक अरुण घोष ने बताया कि विभास ने उन्हें सिर्फ यह बताया था कि वह ऑफिस खोलना चाहता है और पुलिस से जुड़ा कोई काम कर रहा है। उसे हर महीने 40,000 किराया दिया जाता था।

लालबाजार पुलिस के अनुसार, कुछ स्थानीय निवासियों की शिकायत पर 30 जुलाई को पुलिस ने होर्डिंग्स हटवा दिए थे। एक वकील ने थाने में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन संस्था की वैधता पर सवाल उठने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। फिलहाल, विभास से पूछताछ जारी है और आगे और खुलासे होने की संभावना है।

## कोलकाता मेट्रो में नए अत्याधुनिक रेक का शुभारंभ, ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक सदस्य का निरीक्षण दौरा

**कोलकाता :** रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक) ब्रज मोहन अग्रवाल ने सोमवार को कोलकाता मेट्रो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ब्लू लाइन के जतिन दास पार्क से नोपारा तक मेट्रो रेक में यात्रा कर निरीक्षण किया। नोपारा पहुंचकर उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और मेट्रो रेलवे में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

अग्रवाल ने नोपारा कारशेड का निरीक्षण कर वहां एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी यूनिट का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने यात्री सेवा के लिए दो डेलियन रेक - एमआर 508 और एमआर 510 - को समर्पित किया। इन रेक में चौड़े दरवाजे, झटके रहित सफर, सीसीटीवी कवरेज, मॉड्यूलर व व्यापक वेस्टिब्यूल, वरिष्ठ




नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त सीटें जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा आंतरिक सज्जा, उच्च क्षमता वाले एसी, मल्टीकलर बहुभाषी डिस्प्ले बोर्ड, व्हीलचेयर पार्किंग और डोर साइड हैंडरेल जैसी विशेषताएं इन्हें कोलकाता मेट्रो के लिए खास बनाती हैं।

इसके बाद अग्रवाल ने पीली लाइन के नोपारा से जय हिंद विमानबंदर खंड का भी निरीक्षण किया और जय हिंद विमानबंदर मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के लिए प्रस्तावित विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली।

**न्यूज ब्रीफ**

### अत्याधुनिक मशीनें दिखाकर भी सफाई मजदूरों को जोखिम में डालने पर सवाल



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम द्वारा सफाई कार्य में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर बड़ी चिंता सामने आई है। वार्ड नंबर 16 के नंदो घोष रोड पर सोमवार को सफाई कार्य के दौरान मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के गहरे नालों में भेजा गया, जिसका एक वीडियो और तस्वीर सामने आया है। भाजपा नेता उमेश राय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा, आज के आधुनिक समाज में हावड़ा नगर निगम सफाई मजदूरों की जान से खेल रहा है। जबकि कहीं अत्याधुनिक मशीनों का प्रदर्शन होता है, वहीं मजदूरों को बुनियादी सुरक्षा दिए बिना खतरनाक कार्यों में लगाया जाता है। यह स्थिति बेहद चिंतजनक है और इसे तत्काल सुधारा जाना चाहिए। उन्होंने नगर निगम से आग्रह किया कि मजदूरों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा जाए और उन्हें उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, ऐसी घटनाओं की नियमित जांच हो ताकि सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## आसनसोल डिवीजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई श्रावणी मेला 2025

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन के तहत 11 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित श्रावणी मेला 2025 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जसीडीह, देवघर, बासुकीनाथ और वैद्यनाथधाम स्टेशनों पर इस दौरान लगभग 23 लाख श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए तीर्थयात्रियों ने बाबा वैद्यनाथधाम मंदिर में पवित्र जल अर्पित कर अपनी आस्था जताई। मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए गोरखपुर, दानापुर, वाराणसी, सरायघर, रक्सौल और जयनगर जैसे दूरदराज के गंतव्यों के लिए 540 विशेष ट्रेनों के ट्रिप संचालित किए गए, जबकि 560 ट्रिप छोटी दूरी के लिए चलाई गईं। मिथिला एक्सप्रेस, मोकामा एक्सप्रेस, बलिया एक्सप्रेस और गंगासागर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े गए और यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों को



अतिरिक्त स्टॉपेज भी दिए गए। जसीडीह स्टेशन पर 65,000 वर्ग फुट का अतिरिक्त होल्डिंग क्षेत्र बनाया गया, जिससे यात्रियों की भीड़ को बेहतर ढंग से संभाला जा सका।

यात्रियों की सुविधा हेतु अधिक बुकिंग काउंटर, एटीवीएम, एम-यूटीएस मशीनें, नए फुट ओवर ब्रिज और रैंप, अतिरिक्त बायो-टॉयलेट, पेयजल और मेडिकल बूथ स्थापित किए गए, जिनका संचालन सेंट जॉन एम्बुलेंस ने किया। एनटीईएस आधारित ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, एआई संचालित सीसीटीवी, द्विभाषी साइनबोर्ड, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइटें और विनीलीन होल्डिंग क्षेत्र ने सुरक्षा एवं आराम सुनिश्चित किया। स्काउट, गाइड्स और मे आई हेल्प यू बूथ यात्रियों की सहायता के लिए तत्पर रहे। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन और लापता बच्चों के मामलों में विशेष देखभाल प्रदान की गई। भीड़ नियंत्रण में झारखंड पुलिस, एसआरपी धनबाद, जिला प्रशासन और स्थानीय टैक्सी यूनियनों ने सक्रिय सहयोग दिया। इसके साथ ही, अतिरिक्त स्टाफ, अनाधिकृत वसूली रोकने वाले दल, सफाई अभियान, मेडिकल स्टोर्स, आरामदायक कुर्सियां और बेहतर खानपान सेवाओं ने लाखों श्रद्धालुओं के लिए मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आरामदायक बनाया।

## श्रावणी मेला जाते समय दो सड़क हादसों में दो श्रद्धालुओं की मौत

**हुगली :** श्रावणी मेला में भाग लेने तारकेश्वर जा रहे श्रद्धालुओं के दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पहला हादसा रविवार रात सिंगूर के देशपाड़ा इलाके में हुआ। बारुईपुर से आए 17 श्रद्धालुओं का एक दल सेवड़ाफुली से जल लेकर पैदल तारकेश्वर की ओर जा रहा था। रास्ते में देशपाड़ा में आराम करने के दौरान एक श्रद्धालु के हाथ में मौजूद स्टील के झंडे की रॉड बिजली के ट्रांसफॉर्मर से टकरा गई, जिससे जोरदार धमाका हुआ और चिंगारी निकली। करंट की चपेट में आकर दो श्रद्धालु बेहोश हो गए। घायलों को तुरंत सिंगूर ट्रॉमा केयर सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 17 वर्षीय सुमन नस्कर को मृत घोषित कर दिया। वह बारुईपुर थाना क्षेत्र के बिंध्याखली का निवासी था। दूसरे घायल श्रद्धालु, देव घरामी को श्रीरामपुर अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक के साथी विकास नस्कर ने बताया कि हादसा झंडे के ट्रांसफॉर्मर से छू जाने के कारण हुआ और यह घटना उन्हें गहरे सदमे में डाल गई है। दूसरी घटना सोमवार सुबह तारकेश्वर के बाजितपुर चौमाथा के पास हुई। सेवड़ाफुली से जल लेकर बाइक से आए 10 दोस्तों के समूह में शामिल हावड़ा के बाली निवासी 36 वर्षीय अमित पाखरे मंदिर में प्रवेश से पहले ही अचानक बीमार पड़ गया। उसे तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के मित्र कमल पाखरे ने बताया कि अमित को सीने में दर्द की शिकायत थी और अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। दोनों मामलों में पुलिस ने अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तारकेश्वर में भगवान शिव के साथ पूजे गए जीवंत नंदी भोला

**हुगली :** सावन माह समाप्त होने के बाद भी सिद्ध और जागृत शिवलिंग पर अभिषेक के लिए तारकेश्वर में हजारों कांवड़ियों का सैलाब उमड़ा हुआ है। दूर-दराज़ से भक्त कांवड़ यात्रा कर शिवधाम पहुंच रहे हैं। इस धार्मिक उत्साह के बीच मंदिर परिसर में मौजूद एक जीवंत नंदी 'भोला' श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

भगवान शिव पर जलार्पण करने के बाद भक्त भोला की भी पूजा-अर्चना कर रहे हैं। विशाल आकार और गहरे भूरे रंग वाला यह नंदी बेहद शांत स्वभाव का है। मंदिर सेवायतों के अनुसार, भोला का आना-जाना पूरी तरह स्वतंत्र है और वह भक्तों से स्नेहपूर्वक पूजा करवा लेता है।

श्रद्धालुओं का मानना है कि शिवलिंग पर जल चढ़ाने के साथ



जीवंत नंदी की पूजा करना विशेष पुण्यदायी होता है। भोला की मौजूदगी से भक्ति-भावना और भी विशेष हो गई।

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में स्थित तारकेश्वर मंदिर राज्य के प्रमुख शिव मंदिरों में से एक है। यह मंदिर धार्मिक आस्था, इतिहास, और बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। हर साल लाखों श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं, विशेषकर श्रावण महीने में।

तारकेश्वर मंदिर की स्थापना 18वीं सदी में हुई थी। ऐतिहासिक सूत्रों के अनुसार, 1762 ई. में यह मंदिर राजा विष्णु राम द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर भगवान शिव के तारकेश्वर रूप को समर्पित है। लोककथाओं के अनुसार, भगवान शिव स्वयं यहां प्रकट हुए थे और तभी से यह स्थान एक तीर्थस्थल के रूप में विख्यात हुआ।

तारकेश्वर मंदिर का धार्मिक महत्व अत्यधिक है। यहां स्थित शिवलिंग को 'स्वयंभू लिंग' माना जाता है, अर्थात यह प्राकृतिक रूप से उत्पन्न हुआ है, न कि मानव निर्मित।

मंदिर बंगाल की पारंपरिक स्थापत्य शैली में बना है। इसका मुख्य गर्भगृह ऊंचा और गुंबदनुमा है, और इसके ऊपर एक पताका फहरती रहती है। परिसर के अंदर एक बड़ा तालाब भी है जिसका जल पवित्र माना जाता है।

तारकेश्वर मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि यह एक सांस्कृतिक केंद्र भी है। मंदिर परिसर में साल भर धार्मिक आयोजन, कीर्तन, भजन-समारोह, कथा प्रवचन आदि होते रहते हैं। इसके अलावा स्थानीय व्यापार और पर्यटन को भी इससे प्रोत्साहन मिलता है।

तारकेश्वर कोलकाता से लगभग 58 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहां सड़क तथा रेलवे मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। तारकेश्वर रेलवे स्टेशन से मंदिर की दूरी पैदल मात्र 5 मिनट है। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा यहां की सुविधाएं लगातार विकसित की जा रही हैं।

तारकेश्वर मंदिर पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि समूचे पूर्वी भारत के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। यह स्थान न केवल धार्मिक विश्वासों को मजबूती देता है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

तारकेश्वर मंदिर की स्थापना लगभग 300 वर्ष पूर्व मानी जाती है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, भ्रम्मानंद गिरी नामक एक सिद्ध साधु ने एक गहन ध्यानावस्था में भगवान शिव से आदेश प्राप्त किया कि वे यहाँ एक सिद्ध लिंग की स्थापना करें।

मान्यता है कि इस क्षेत्र में एक समय तारक नाम का असुर रहता था, जो अत्यंत बलशाली और अहंकारी था। देवताओं को परास्त कर उसने त्रिलोक में आतंक मचा दिया। अंततः भगवान शिव ने उसका वध किया और इस स्थान को पवित्र किया। इस कारण इस स्थान का नाम पड़ा तारकेश्वर - अर्थात् तारक का ईश्वर।

## अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 75 लाख रुपये की स्मैक जब्त

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग 75 लाख रुपये मूल्य की 272 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार रात आरिफ और मुकीम नाम के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तस्करों के पास से 272 ग्रामी स्मैक बरामद की गयी और जब्त की गयी मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 75 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि आरोपी मुंबई, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे थे।

## अवैध धर्मांतरण के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में पुलिस ने सोमवार को अवैध धर्मांतरण के मामले में चार आरोपी को गिरफ्तार किया। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, ओमकार नाथ केशरी नाम के व्यक्ति ने जमालपुर थाने में रविवार को एक शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि आरोपी ईसाई धर्म का प्रचार करने के बहाने गांव के भोले-भाले लोगों को धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी पुलिस को अभियुक्तों की गिरफ्तारी का निर्देश दिये। बयान के मुताबिक, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जमालपुर में डबक नहर के पास स्थित एक मकान से नामजद चार लोगों चन्दन राम, उसकी पत्नी ऋतु, जगदीश राम और रामलोचन राम को गिरफ्तार किया। बयान में बताया गया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से सात धार्मिक किताबें और छह पोस्टर बरामद किये गये। बयान के अनुसार, सभी चार लोगों को जेल भेज दिया गया।

# मानसून सत्र राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा: आदित्यनाथ




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल में मानसून सत्र की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यह सत्र स्वतंत्रता के अमृत काल के तीसरे वर्ष में होने के साथ-साथ राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल की कार्यवाही में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया। विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले वह संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सत्र की महत्ता, सरकार की योजनाओं और विकसित उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा, 'सत्र स्वतंत्रता के अमृत काल के तीसरे वर्ष में होने के साथ-साथ राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का मानसून सत्र काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सरकार अगले 25 वर्षों की कार्ययोजना को सदन के पटल पर रखेगी। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार 'विकसित उत्तर प्रदेश' का दृष्टिकोण लेकर आगे बढ़ रही है। इसको नीति आयोग और विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।' मुख्यमंत्री ने कहा, ''आगामी 13 और 14 अगस्त को 24 घंटे इस दृष्टिकोण पर सदन में चर्चा होगी। सर्वदलीय बैठक में सभी नेताओं के बीच इस पर सहमति बनी है।'' उन्होंने कहा कि यह चर्चा न केवल विधानसभा और विधान परिषद में होगी, बल्कि आम जनता की राय भी इसमें शामिल की जाएगी। योगी ने कहा, ''2047 तक जब भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा, तब उत्तर प्रदेश भी 'विकसित उत्तर प्रदेश' के रूप में तैयार होगा।' उन्होंने बताया, 'प्रश्नकाल में जनप्रतिनिधि जनहित से जुड़े सवाल उठाएंगे, जबकि शून्यकाल में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। सरकार सभी सवालों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।'' मुख्यमंत्री ने सभी दलों से सार्थक और रचनात्मक चर्चा की अपील की, ताकि समय का सदुपयोग हो और नकारात्मकता से बचा जा सके। उन्होंने कहा, ''हम सदन में चर्चा के लिए आने वाले सभी प्रस्तावों का स्वागत करेंगे। युवाओं के हित, उत्तर प्रदेश के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न करने वालों को जनता स्वयं जवाब देगी।'' मुख्यमंत्री ने बताया, 'मानसून सत्र में बाढ़ और जलजमाव जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचा, गरीब कल्याण और सभी वर्गों के उत्थान से जुड़े विषयों पर भी गहन चर्चा होगी।' उन्होंने पिछले साढ़े आठ वर्ष में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा प्राप्त की है।

## बिहार सरकार ने प्रमुख नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई

**पटना :** बिहार सरकार ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और कई अन्य नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। राज्य के गृह विभाग की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। हालिया अधिसूचना के अनुसार, पहले से ही 'जेड-प्लस' सुरक्षा प्राप्त चौधरी को अब 'एडवांस सिक्योरिटी लायसन' (एएसएल) प्रोटोकॉल भी दिया जाएगा। इसके तहत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागों सहित स्थानीय एजेंसियों के बीच समन्वय की आवश्यकता होती है। प्रोटोकॉल में बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे को भी अनिवार्य बनाया गया है। राज्य में वीआईपी सुरक्षा प्राप्त लोगों के लिए खतरे के स्तर की समीक्षा के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अब 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। सरकार ने पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह और बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को भी 'वाई-प्लस' सुरक्षा प्रदान की है। अधिसूचना के अनुसार, जनता दल (यूनाइटेड) की विधान परिषद सदस्य नीरा कुमार को 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

## न्यूज अपडेट

### झारखंडः कई चुनाव लड़ चुका कुख्यात अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया



**गोड्डा (झारखंड) :** झारखंड के गोड्डा जिले में सोमवार तड़के पुलिस की हिरासत से फरार होने की कोशिश के दौरान हुई मुठभेड़ में कई आपराधिक मामलों में वांछित एक आरोपी मारा गया। यहां एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह आरोपी विभिन्न राजनीतिक दलों के टिकट पर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ चुका है। दुमका जोन के महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आरोपी की पहचान सूर्य नारायण हंसदा उर्फ सूर्य हंसदा के रूप में हुई है, जो गोड्डा और साहिबगंज जिलों में दर्ज कई आपराधिक मामलों में वांछित था। अधिकारी ने बताया, ''हंसदा को गोड्डा पुलिस ने रविवार को देवघर से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने हथियारों और अपने साथियों के बारे में जानकारी दी थी। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उसे लालमटिया वन क्षेत्र ले जाया गया और उसी दौरान उसके साथियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की। हंसदा ने हिरासत से भागने की भी कोशिश की और इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान हुई गोलीबारी में वह मारा गया।' हंसदा ने 2024 के विधानसभा चुनावों में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के टिकट पर बोरियो सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उसे मात्र 2,937 वोट मिले। वह 2019 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के रूप में बोरियो सीट से मैदान में था। उस समय उसे 59,441 वोट प्राप्त हुए और वह दूसरे स्थान पर रहा। उसने 2014 और 2009 में झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) के टिकट पर इसी सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा।

### 500 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में, वर्षाजनित हादसों में छह लोगों की मौत

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और राज्य के 500 से ज्यादा गांवों की दो लाख से ज्यादा आबादी बाढ़ से प्रभावित है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राहत आयुक्त से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतापगढ़, बांदा व संत कबीर नगर में सांप के काटने से एक-एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि संभल में अत्यधिक बारिश से एक व्यक्ति, लखनऊ और महोबा में डूबने से एक-एक व्यक्ति की मौत हो गयी। रिपोर्ट में बताया गया कि राज्य के 23 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से प्रभावित जिलों में अयोध्या, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, बदायूं, फरुखाबाद, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हापुड़, हरदोई, जालौन, कासगंज, खीरी, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, शाहजहांपुर, संत कबीर नगर, उन्नाव और वाराणसी शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि कुल 565 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और इनमें रहने वाले 2.16 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और अन्य विभागों की मदद से युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय व भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

### झारखंडः साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार,जिले में करीब 20 हजार लोग प्रभावित

**साहिबगंज :** झारखंड के साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर सोमवार को खतरे के निशान को पार गया और जिले में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण लगभग 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एहतियाती उपाय के तौर पर जिले के बाढ़ प्रभावित या निचले इलाकों में स्थित सभी सरकारी और निजी स्कूलों को मंगलवार तक बंद कर दिया गया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिले में लगभग 50 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। गंगा का जलस्तर सोमवार को 28.61 मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का स्तर 27.25 मीटर है। साहिबगंज के अतिरिक्त कलेक्टर गौतम भगत ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''गंगा नदी के किनारे स्थित घरों में पानी घुस गया, जिससे जिले के पांच प्रखंडों में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण अनुमानित 15 हजार से 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।' उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन प्रभावित लोगों को चावल, गुड़, माचिस, मोमबत्तियां और प्लास्टिक तिरपाल उपलब्ध करा रहा है। भगत ने कहा, ''हमने प्रभावित लोगों के लिए विभिन्न ब्लॉकों में लगभग 50 राहत शिविर भी स्थापित किए हैं, लेकिन वे अपने घर छोड़ना नहीं चाहते। अगर स्थिति और बिगड़ती है, तो उन्हें राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।''

## बिहार में बाढ़ से 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित, राहत-बचाव कार्य जारी



**पटना :** पटना : बिहार में बीते 24 घंटों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई नदियां उफान पर हैं और बाढ़ से 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की कुल 32 टीमों को लगाया गया है। एक अधिकारी ने कहा, 'भोजपुर, पटना, भागलपुर, वैशाली, लखीसराय, सारण, मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय सहित विभिन्न जिलों में लगातार बारिश से नदियां और नाले उफान पर है। इसके अलावा नेपाल में भारी बारिश के कारण कई जगहों पर नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है।' राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने एक बयान में कहा, ''पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश के चलते गंगा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और घाघरा नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। भोजपुर, पटना, भागलपुर, वैशाली, लखीसराय, सारण, मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय जिलों के कुछ स्थानों पर ये नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।' बयान में कहा गया, 'राज्य में फिलहाल बाढ़ से 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। अब तक बिहार के किसी भी हिस्से से मौत की कोई खबर नहीं है।' जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'बिहार में कई नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि और नेपाल स्थित गंडक एवं कोसी नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के मद्देनजर, जल संसाधन विभाग के सभी संबंधित प्रकोष्ठों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है।'

## सरकार नकली बीजों, उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून लाएगी : चौहान




**जयपुर :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार नकली बीजों, उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एक नया कानून लाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू करेगी, जिसके तहत वैज्ञानिक गांवों का दौरा कर किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों, उर्वरकों और फसल पोषक तत्वों के बारे में जानकारी देंगे। चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत बीमा दावों के वितरण के अवसर पर झुंझुनू में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान राष्ट्र की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें निरंतर नीतिगत निर्णयों और योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने नकली खाद और उर्वरकों पर सख्ती जताते हुए कहा कि इस संबंध में त्वरित कदम उठाते हुए एक कड़ा कानून बनाने की प्रक्रिया पर तेजी से काम जारी है और जल्द ही ठोस कानून बनाकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, नकली बीजों, उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एक नया कानून भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू किया जाएगा, जिसके तहत वैज्ञानिक गांवों में जाकर बीज, उर्वरक और पोषक तत्वों के बारे में जानकारी देंगे।

## बिहारः समस्तीपुर में युवती का शव मिला, गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल में आग लगायी

**समस्तीपुर :** बिहार के समस्तीपुर जिले में सोमवार को 19 वर्षीय एक युवती का गोली लगा शव मिला, जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने उस निजी स्कूल में आग लगा दी, जहां संदिग्ध हत्यारा पढ़ाता है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रोसड़ा उप-मंडल के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिन्हा के अनुसार, महिला कोठिया गांव की रहने वाली थी और वह सुबह दरभंगा स्थित एक कोचिंग संस्थान के लिए घर से निकली थी। सिन्हा ने कहा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली युवती का शव सड़क किनारे मिला। उसके सिर पर दो गोलियों के निशान मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही यह खबर फैली, बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए और समस्तीपुर को दरभंगा से जोड़ने वाली सड़क पर यातायात अवरुद्ध कर दिया। सिन्हा ने कहा, पीड़ित परिवार के सदस्यों के अनुसार, महिला ने हाल ही में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी (जो पास के एक निजी स्कूल में शिक्षक है) ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। वह मृतका की एक दोस्त का पीछा कर रहा था और जब उसने उसे डांटा तो वह आग-बबूला हो गया।

# समीक्षा धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**12.08.2025 : कजरी तीज व्रत**

**15.08.2025 : स्वतंत्रता दिवस**

**16.08.2025 : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत**

## कजरी तीज पर करें इस विधि से पूजा, मिलेगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद



कजरी तीज का व्रत विवाहित महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे अखंड सौभाग्य प्रदान करने वाला व्रत कहा गया है। इस वर्ष कजरी तीज का पावन पर्व 12 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत करने पर महिलाओं को भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह व्रत अविवाहित लड़कियां भी अच्छे जीवनसाथी की कामना से रखती हैं।

यह पर्व हर साल रक्षाबंधन के तीन दिन बाद और हरियाली तीज के पंद्रह दिन पश्चात भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष तृतीया तिथि 11 अगस्त 2025 सुबह 10:33 बजे प्रारंभ होकर 12 अगस्त 2025 सुबह 8:40 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार व्रत 12 अगस्त को रखा जाएगा।

### कजरी तीज की पूजा विधि

पहली बार व्रत रखने वाली महिलाएं सुबह स्नान-ध्यान के बाद व्रत का संकल्प लें। घर के ईशान कोण, उत्तर या पूर्व दिशा में हरे कपड़े से सजी चौकी पर भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। फिर फूल, फल, धूप, दीप, रोली, अक्षत और श्रृंगार सामग्री से पूजन करें। माता पार्वती को विशेष रूप से श्रृंगार का सामान अर्पित करें।

पूजा के बाद कजरी तीज की कथा का पाठ करें या सुनें, फिर आरती उतारकर भगवान-भगवती को प्रणाम करें और घर की बुजुर्ग महिलाओं का आशीर्वाद लें। व्रत का समापन रात में चंद्रमा के दर्शन व अर्घ्य अर्पित करने के बाद करें।

### कजरी तीज व्रत के नियम

- व्रत के दिन हरे रंग के वस्त्र और 16 श्रृंगार धारण करें।
- यदि स्वास्थ्य अनुकूल हो तो व्रत निर्जल रखें।
- इस दिन बाल धोना या कटवाना वर्जित है।
- क्रोध, आलोचना और नकारात्मक भावों से बचें।

### कजरी तीज पूजा मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 23 मिनट से 5 बजकर 6 मिनट तक रहेगा।
- विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 38 मिनट से 3 बजकर 31 मिनट तक रहने वाला है
- गोधूलि मुहूर्त शाम 7 बजकर 3 बजे से 7:25 बजे तक है।
- निशिता काल मुहूर्त रात 12 बजकर 5 मिनट से 12:48 मिनट तक रहेगा।
- सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 11:52 मिनट से 13 अगस्त की सुबह 5 बजकर 49 मिनट तक रहने वाला है
- अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 2 मिनट से 3-12:50 मिनट तक रहेगा।

## आस्तिक व नास्तिक

सुनील कुमार 'सजल'

इस संसार में दो तरह के लोग पाए जाते हैं (1) आस्तिक (2) नास्तिक। दोनों के विचार एक दूसरे के विपरीत होते हैं। आस्तिक ईश्वर की मूर्ति, वेदज्ञान, तथा धर्म ग्रंथों के अनुसार पाप-पुण्य का सहारा लेते हुए अपने कर्तव्य मार्ग पर बढ़ने वाला होता है। उसे पत्थर हो या चित्रा, दोनों में साक्षात देव नजर आते हैं जबकि नास्तिक इस तरह की बातों को नकारते हुए वैज्ञानिक व साक्षात् दृष्टिकोण वाली अवधारणा को मानता है। उसका विचार होता है कि जिस धारणा का आधार नहीं है, वह कपोल कल्पित है।

नास्तिक व्यक्ति दुनियां में धर्म कर्म की बातों की बजाय बेवकूफी, आधुनिकता व पश्चिमी धारणा पर जीना पसंद करता है।

धर्म या अध्यात्म हमें जीने की राह दिखाते हैं। हमारे धार्मिक ग्रंथों में उल्लेखित कथाओं को नास्तिक विचार से भले ही कल्पित मान लें परंतु वे किसी न किसी रूप में हमें अनाचार से बचाती हैं, हमें मानवीय दृष्टिकोण से जीने की प्रेरणा देती हैं। हमें अहम्, क्रोध लोभ वैचारिक अज्ञानता से बचाती हैं।

नास्तिक स्वभाव से औरों को नीचा दिखाने में तथा अभिमान से प्रेरित हो कर कुछ भी कर गुजरता है। उसकी एक ही सोच होती है जीवन में आगे बढ़ने के लिए कि धन और बल ही सब कुछ है। वेदों में असुरों का प्रतीक नास्तिकों को माना गया है क्योंकि वेद कथाओं में जितने भी असुर हुए हैं वे सब लोभ, आचरण हीनता, क्रोध, द्वेष, घृणा, अनाज्ञाकारी व बलप्रदर्शन से युक्त रहे हैं।

एक कथा देखें। नास्तिक और आ-स्तिक मित्रों में बहस छिड़ी थी। आ-स्तिक ने कहा-'सुनो, मंदिर में से कांसे की दस किलो वजन की मूतियां चोरी हो गयी।

हां, सुना तो है। थाने में रिपोर्ट तो दर्ज करा दी होगी। नास्तिक ने प्रश्न किया।

हां, करा दी गई है और लोगों ने चंदा इकट्ठा कर चोरों या मूर्ति का पता बताने वालों के लिए इनाम भी घोषित किया है। पुलिस तहकीकात में लगी है देखो कहा तक पता लगा पाती है। आस्तिक ने कहा।

बड़े अजीब हैं यार भगवान। खुद की रक्षा नहीं कर सकते। इस कलयुग में आदमी तो आदमी, भगवान को भी पुलिस की जरूरत पड़ने लगी। नास्तिक ने कहा।

क्या करें, मूर्ति थी।' आस्तिक ने कहा।

'मूर्ति रहे या पत्थर, आस्था तो तुम्हारी देवता की है। अगर आस्था ही हाथों का खिलौना बन जाए तो क्या औचित्य है ऐसी आस्था का। नास्तिक ने कहा।

कथा के मुताबिक आस्तिक के पास चुप रहने के अलावा और कोई रास्ता न था। स्पष्ट है मूर्ति है, आस्था को जीवित रखने का प्रतीक है, यह बात भक्त समझ सकता है परन्तु नास्तिक को चाहिए तात्कालिक चमत्कार जो वह मूर्ति नहीं दिखा सकती।

ईश्वर का दण्ड अप्रत्यक्ष होता है। जब ईश्वर दण्ड देता है तब यह समझ में नहीं आता कि आखिर व्यक्ति परेशानी से क्यों घिर रहा है। तब उसे आखिर ईश्वर ही याद आते हैं। फिर जा पहुंचता है ईश्वर की शरण में। फिर वह यह नहीं देखता कि मूर्ति के सामने सिर पटक रहा है या फिर चित्रात्मक प्रतिकृति पर लेकिन ईश्वर उस माता-पिता के समान होते हैं जो कपूत के प्रति प्रेम दर्शाने से नहीं चूकते। कपूत लाख जुल्म ढाये पर माता-पिता उसका अहित होते नहीं देख सकते। ईश्वर की दृष्टि भी नास्तिक आ-स्तिक पर समान होती है। बस नजरिया अपना अपना है उस अप्रत्यक्ष शक्ति को समझने का। (उर्वशी)

## कृष्ण जन्माष्टमी पर करें अपनी राशि के अनुसार दान, मिलेगी विशेष कृपा

हिंदू धर्म में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का फर्व अत्यंत पवित्र और विशेष माना जाता है। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस दिन देशभर में भक्ति, उत्साह और श्रद्धा के साथ उनके जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है। मंदिरों में लड्डू गोपाल की विशेष पूजा होती है, और भक्त पूरे दिन व्रत रखकर मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण का अभिषेक और आरती करते हैं।

शास्त्रों में बताया गया है कि जन्माष्टमी के दिन किया गया दान-पुण्य सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना फलदायी होता है। यह दिन केवल उपवास और पूजा का ही नहीं, बल्कि सेवा और दान का भी है। माना जाता है कि यदि इस दिन जातक अपनी राशि के अनुसार विशेष वस्तुओं का दान करें, तो उन्हें पूरे वर्ष भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है।

### राशि अनुसार क्या करें दान

**मेष राशि–** इस राशि के लोगों को गेहूं और गुड़ का दान करना शुभ माना जाता है। इससे जीवन में ऊर्जा और उत्साह बना रहता है।

**वृषभ राशि–** जन्माष्टमी के दिन माखन, मिश्री और चीनी का दान करने से सौभाग्य और समृद्धि में वृद्धि होती है।

**मिथुन राशि–** इस राशि के जातकों के लिए अन्नदान अत्यंत फलदायी है। किसी जरूरतमंद को भोजन सामग्री देना श्रेष्ठ कर्म है।

**कर्क राशि–** दूध, दही, चावल और मिठाई का दान करने से मानसिक शांति और पारिवारिक सुख प्राप्त होता है।

**सिंह राशि–** गुड़, शहद और मसूर की दाल का दान करने से नेतृत्व क्षमता और आत्मबल में वृद्धि होती है।

**कन्या राशि–** इस राशि के जातकों के लिए गौ सेवा विशेष पुण्य प्रदान करती है। गौ माता को चारा खिलाना या उनकी देखभाल करना शुभ होता है।

**तुला राशि–** लंबे समय से चली आ रही आर्थिक समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए इस दिन श्वेत और नीले रंग के वस्त्र का दान करना चाहिए।

**वृश्चिक राशि–** गेहूं, गुड़ और शहद का दान करने से जीवन में सकारात्मकता और उन्नति आती है।

**धनु राशि–** गीता या अन्य धार्मिक पुस्तकों का दान करने से ज्ञान, धर्म और आस्था में वृद्धि होती है।

**मकर राशि–** किसी गरीब को मध्य नीले रंग का वस्त्र दान करना शुभ माना गया है, जिससे कर्मफल में सुधार होता है।

**कुंभ राशि–** इस राशि के जातक धन का दान करके आर्थिक स्थिरता और ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

**मीन राशि–** केले, बेसन के लड्डू, मिश्री और माखन का दान करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों की तलाश 11वें दिन भी जारी

**श्रीनगर :** कुलगाम में आतंकवाद रोधी अभियान सोमवार को 11वें दिन भी जारी रहा। सुरक्षाबल गुफाओं और घने जंगल में छिपे आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षाबल आतंकवादियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, जो गुफा जैसी जगहों पर छिपे हुए हैं।'' आतंकी जंगल युद्ध में अत्यधिक प्रशिक्षित हैं और ड्रोन से बचने के लिए घने जंगलों का फायदा उठा रहे हैं। जिले के अखल वन क्षेत्र में एक अगस्त को शुरू हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो गए और नौ अन्य घायल हो गए। मुठभेड़ में दो आतंकवादी भी मारे गए हैं। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। यह हाल के वर्षों में कश्मीर घाटी में सबसे लंबा आतंकवाद रोधी अभियान है।

### एअर इंडिया एक सितंबर से दिल्ली से वाशिंगटन डीसी के बीच की उड़ानें निलंबित करेगी

**नयी दिल्ली :** कई 'बोइंग 787 ड्रीमलाइनर' विमानों के उपलब्ध नहीं रहने के कारण एअर इंडिया एक सितंबर से दिल्ली से वाशिंगटन डीसी के बीच की उड़ानें निलंबित करेगी। एयरलाइन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उसके बेड़े में शामिल विमानों का मरम्मत कार्य भी जारी है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन वर्तमान में 'ड्रीमलाइनर' के माध्यम से दिल्ली से वाशिंगटन के लिए पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन ने कहा कि दिल्ली से वाशिंगटन डीसी के बीच की उड़ानों को परिचालन संबंधी कई कारणों से निलंबित करने का फैसला लिया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''यह निलंबन मुख्य रूप से एअर इंडिया के बेड़े में आने वाली निर्धारित कमी के कारण है, क्योंकि एयरलाइन ने पिछले महीने अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों का मरम्मत कार्य शुरू किया है।

### जम्मू-कश्मीर में घुसपैठिया बीएसएफ की गोलीबारी में ढेर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहा एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की गोली से मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने कहा कि वह इस घटना को लेकर अपने पाकिस्तानी समकक्ष के सामने विरोध दर्ज करा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब चार बजे हीरानगर सेक्टर में चंदवान और कोठे सीमा चौकियों के बीच सतर्क बीएसएफ के जवानों को घुसपैठ की कोशिश करते कुछ लोग नजर आए, जिसके बाद उन्हें ललकारा गया और रुकने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों ने बार-बार चेतावनी देने के बाद भी उस पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण अग्रिम चौकियों पर तैनात बीएसएफ कर्मियों को गोली चलानी पड़ी जिससे एक घुसपैठिया घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल घुसपैठिये को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया।

# भारत में सामान्य मानसूनी वर्षा हुई, पर कुछ राज्यों में अत्यधिक पानी बरसा तो कुछ बारिश के लिए तरसे: आईएमडी



**नयी दिल्ली :** भारत में इस साल मानसून के मौसम में अब तक सामान्य वर्षा दर्ज की गई है, लेकिन राज्यों में बारिश का वितरण बेहद असमान्य रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के नवीनतम राज्यवार आंकड़े तो कुछ यही बयां करते हैं। आईएमडी के मुताबिक, देश में एक जून से 10 अगस्त के बीच 539 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो लंबी अवधि की सामान्य औसत वर्षा (535.6 मिलीमीटर) से एक फीसदी अधिक है। आईएमडी जिन 36 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के आंकड़े उपलब्ध कराता है, उनमें से 25 ''सामान्य बारिश'' की श्रेणी (लंबी अवधि के औसत के 19 फीसदी तक) में हैं, जबकि पांच ''कम'' (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत कम बारिश), पांच अन्य ''अधिक'' (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत अधिक बारिश) और एक (लद्दाख) ''बहुत अधिक'' (सामान्य से 60 प्रतिशत से ज्यादा बारिश) की श्रेणी में है। कोई भी राज्य ''बहुत कम'' बारिश की श्रेणी में नहीं है। आईएमडी के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश (652.1 मिलीमीटर; सामान्य से लगभग 40 फीसदी कम), असम (603.8 मिलीमीटर; सामान्य से 37 फीसदी कम), मेघालय (978.7 मिलीमीटर; सामान्य से 45 फीसदी कम), सिक्किम (837.4 मिलीमीटर; सामान्य से 20 फीसदी कम) और बिहार (438.3 मिलीमीटर; सामान्य से 25 फीसदी कम) में मौसमी बारिश में कमी दर्ज की गई है। विभाग ने बताया कि झारखंड (853.7 मिलीमीटर; समान्य से 41 फीसदी अधिक), दिल्ली (433.5 मिलीमीटर; समान्य से 37 फीसदी अधिक), राजस्थान (430.6 मिलीमीटर; समान्य से 58 फीसदी अधिक), मध्यप्रदेश (745.3 मिलीमीटर; समान्य से 30 फीसदी अधिक) और पुदुचेरी (258.2 मिलीमीटर; समान्य से 32 फीसदी अधिक)अधिक वर्षा वाले राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों में शामिल हैं।

### देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में सड़क पर गुटखा थूकने को लेकर ढाबा संचालक की हत्या

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में सड़क पर गुटखा थूकने के विवाद में 25 वर्षीय ढाबा संचालक की सरेराह हत्या के आरोप में सोमवार को पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शहर में एक ढाबा संचालित करने वाले लेखराज (25) की रविवार और सोमवार की दरमियानी रात विजय नगर क्षेत्र में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई और वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि गश्त कर रही पुलिस इस वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और जांच में मिले सुरागों के आधार पर राज अहिरवार (19), पवन रजक (20) और जगदीश सिसोदिया (33) को गिरफ्तार किया।

## परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की आदत है: भारत

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तानी फौज के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की अमेरिकी धरती से भारत को दी गई परमाणु हमले की धमकी पर नयी दिल्ली ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पड़ोसी मुल्क की आदत है। भारत ने कहा कि मुनीर की टिप्पणी ने सेना और आतंकवादी समूहों के बीच सांठगांठ वाले पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण की विश्वसनीयता को लेकर व्याप्त संदेह को और पुष्ट किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता रहेगा। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश में कहा कि यह खेदजनक है कि ये टिप्पणियां किसी तीसरे मित्र देश की धरती से दी गई हैं। फ्लोरिडा के टाम्पा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कथित तौर पर परमाणु हमले की धमकी देते हुए कहा था कि भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश के अस्तित्व को खतरा हो सकता है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने यह भी चेतावनी दी कि यदि भारत ने पाकिस्तान जाने वाले जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। मीडिया में आईं खबरों में पाकिस्तानी सेना प्रमुख के हवाले से कहा गया, ''हम एक परमाणु राष्ट्र हैं। अगर हमें लगता है कि हम नीचे जा रहे हैं, तो हम अपने साथ आधी दुनिया को भी नीचे ले जाएंगे।'' आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मुनीर की टिप्पणी पाकिस्तान में एक चलन का हिस्सा है और जब भी अमेरिका पाकिस्तानी सेना का समर्थन करता है, तो वह हमेशा अपनी आक्रामकता का असली रंग दिखाता है।

## डीआरडीओ का डिजाइन किया खदान क्षेत्र अंकन उपकरण एमके-2 सेना में शामिल



**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना की अभियानगत दक्षता बढ़ाने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का डिजाइन किया गया यांत्रिक खदान क्षेत्र अंकन उपकरण 'एमके-2' को उसमें शामिल किया गया है। सेना ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। सेना ने लिखा, अभियानगत दक्षता बढ़ाने की दिशा में स्वदेशी नवाचार के माध्यम से युद्ध तत्परता को मजबूत करते हुए भारतीय सेना ने यांत्रिक खदान क्षेत्र अंकन उपकरण एमके-2 को शामिल किया है। पोस्ट में एमके-2 की कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं। सेना ने कहा, डीआरडीओ की डिजाइन की गई और बीईएम लिमिटेड द्वारा निर्मित यह प्रणाली आत्मनिर्भरता की भावना का प्रतीक है और कोर ऑफ इंजीनियर्स की लड़ाकू क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है।

## प्रधानमंत्री ने किया सांसदों के लिए फ्लैट का उद्घाटन, परिसरों में त्योहार मनाने को कहा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने फ्लैट के बहुमंजिला परिसर का उद्घाटन किया और सुझाव दिया कि इनमें रहने वाले सांसदों को भारत के विभिन्न त्योहार सामूहिक रूप से मनाना चाहिए तथा स्वच्छता पर प्रतिस्पर्धा करना चाहिए। अपने प्रतिद्वन्द्वियों पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि परिसर के चार टॉवरों में से एक का नाम 'कोसी' रखा गया है और कुछ लोग इसे आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से जोड़ सकते हैं, लेकिन 'छोटी सोच' वाले ऐसे लोगों को वह यह बताएंगे कि नदियों के नाम पर टॉवरों का नामकरण करने की परंपरा लोगों को आपस में जोड़ती है। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बना यह नया परिसर संसद भवन के करीब है और इसमें टाइप-7 श्रेणी के 184 बहुमंजिला फ्लैट हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों के लिए आवास की लंबे समय से कमी थी और नए सांसदों को आवास पाने में कठिनाई होती थी। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच लोकसभा सांसदों के लिए कोई नया आवास नहीं बना, जबकि उनकी सरकार ने अब तक करीब 350 आवास बनाए हैं। उन्होंने कहा, ''21वीं सदी का भारत विकास के लिए जितना संवेदनशील है, उतना ही उत्सुक है।''

## रूस से भारतीय तेल आयात पर अमेरिकी शुल्क मास्को के लिए 'बड़ा झटका': ट्रंप



**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर लगाए गए अमेरिकी शुल्क की वजह से पहले से ही खराब चल रही मास्को की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है। ट्रंप ने भारत को रूस का सबसे बड़ा या दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार बताया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि कई देशों पर अमेरिकी शुल्क लगाने के कारण जारी वैश्विक दबावों से रूस की अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि रूस को अपने देश के निर्माण में फिर से जुट जाना चाहिए। यह एक विशाल देश है... रूस में अच्छा प्रदर्शन करने की अपार क्षमता है। वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। उनकी अर्थव्यवस्था इस समय अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है क्योंकि इससे वह बुरी तरह प्रभावित हुई है।'' ट्रंप ने परोक्ष तौर पर भारत की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए कहा, ''जब अमेरिका के राष्ट्रपति उनके सबसे बड़े या दूसरे सबसे बड़े तेल खरीदार से कहते हैं कि अगर आप रूस से तेल खरीदते हैं तो हम आप पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, तो यह एक बड़ा झटका है।'' ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा के रूस से तेल आयात को लेकर बतौर जुर्माना 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जिसके परिणामस्वरूप कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है।

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को विधानसभा में सदस्यों को मनोनीत करने का है अधिकार: गृह मंत्रालय

**श्रीनगर :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल को विधानसभा में पांच सदस्यों को मनोनीत करने की दी गई शक्तियां सभी समुदायों की समावेशिता और पर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए आवश्यक हैं। गृह मंत्रालय की टिप्पणी पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन करार दिया और उमर अब्दुल्ला नीत सरकार से इस अलोकतांत्रिक कदम को चुनौती देने का आग्रह किया। गृह मंत्रालय ने एक हलफनामे में कहा कि उपराज्यपाल की शक्तियां उनके विवेकाधिकार के अधीन हैं और मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना भी उनका प्रयोग किया जा सकता है। यह हलफनामा कांग्रेस नेता रवींद्र शर्मा की उस याचिका के जवाब में दाखिल किया गया जिसमें जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की धारा 15, 15-ए और 15-बी की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। इन धाराओं के तहत उपराज्यपाल विधानसभा में स्वीकृत संख्या से अधिक पांच सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि ये धाराएं यह सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई हैं कि कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों सहित विविध आवाजें विधायी प्रक्रिया में योगदान दे सकें। केंद्र ने कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए इन धाराओं (उपराज्यपाल को शक्ति प्रदान करने) को लागू करना आवश्यक था। इसमें कहा गया है कि विधानसभा में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। इसलिए, उपराज्यपाल को उन समुदायों या समूहों के प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सदस्यों को नामित करने का अधिकार दिया गया है, जिनका पर्याप्त चुनावी प्रतिनिधित्व नहीं हो सकता है। केंद्र सरकार के अनुसार, उपराज्यपाल को बिना किसी सहायता और सलाह के एक वैधानिक पदाधिकारी के रूप में अपने विवेक से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का अधिकार है, न कि सरकार के विस्तार के रूप में।

## दिल्ली-एनसीआर के सारे आवारा कुत्ते पकड़कर शेल्टर होम में डाले जाएंगे, सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश



**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा फैसला सुनाया है. सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों के काटने से बढ़ते रेबीज मामलों पर स्वत: संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रही थी. इस दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब समय भावनाओं का नहीं, बल्कि कार्रवाई का है. अदालत ने दिल्ली सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को तुरंत सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनके लिए स्थायी शेल्टर होम बनाने के आदेश दिए हैं. जस्टिस पारदीवाला ने कहा, 'कुत्तों को सभी इलाकों से उठाकर दूर ले जाया जाए, यह कदम जनहित में उठाया जाना चाहिए. भावनाओं की जगह अब कार्रवाई जरूरी है.' उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सड़कों को कुत्तामुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पाएगी.

## अमेरिका ने बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका ने पाकिस्तान स्थित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को सोमवार को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि कई आतंकवादी हमलों के बाद 2019 में बीएलए को विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। तब से इस समूह ने कई हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें मजीद ब्रिगेड द्वारा किया गया हमला भी शामिल है। बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रालय ने बीएलए और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को एक विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) घोषित किया गया है और और मजीद ब्रिगेड को बीएलए की पहले से मौजूद 'विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की सूची में उसके सहयोगी संगठन के रूप में जोड़ा गया है।

## कनाडा में कपिल शर्मा के रेस्तरां पर गोलीबारी के बाद मुंबई पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई

**मुंबई :** कनाडा में हास्य कलाकार कपिल शर्मा के रेस्तरां पर गोलीबारी के बाद मुंबई पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कपिल शर्मा को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई है, ताकि उनकी हिफाजत सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, अधिकारी ने हास्य कलाकार के लिए किए गए सुरक्षा इंतजाम के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा, ''हम सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं, ताकि शहर में कोई अप्रिय घटना न घटे।'' जब उनसे यह पूछा गया कि क्या अभिनेता के परिवार के सदस्यों को भी सुरक्षा प्रदान की गई है, तब उन्होंने कहा कि वह इस बारे में विस्तृत जानकारी साझा नहीं कर सकते हैं।

## सेना जेएजी भर्ती में लैंगिक सीमा खत्म, साझा मेरिट सूची का आदेश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने महिलाओं के साथ भेदभाव न करने के संवैधानिक प्रावधान को रेखांकित करते हुए भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) शाखा में उनकी (महिलाओं की) संख्या सीमित करने वाली नीति को सोमवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि एक बार सेना ने सेना अधिनियम-1950 की धारा-12 के तहत महिलाओं को किसी शाखा में शामिल होने की अनुमति दे दी, तो वह कार्यकारी नीति के माध्यम से उनकी संख्या पर अतिरिक्त प्रतिबंध नहीं लगा सकती। पीठ ने कहा, अगर महिला अभ्यर्थी जेएजी प्रवेश परीक्षा में पुरुषों से अधिक अंक हासिल करती हैं, तो उन्हें योग्यता के आधार पर मौका दिया जाना चाहिए। बेहतर प्रदर्शन के बावजूद उन्हें 50 फीसदी सीट तक सीमित रखना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। सेना अधिनियम की धारा-12 में भर्ती या रोजगार के लिए महिलाओं को अयोग्य ठहराए जाने के प्रावधानों के बारे में बताया गया है। इसमें कहा गया है, कोई भी महिला नियमित सेना में भर्ती या रोजगार के लिए पात्र नहीं होगी, सिवाय ऐसे कोर, विभाग, शाखा या अन्य निकाय के जो नियमित सेना का हिस्सा हों या उसके किसी भाग से संबद्ध हों, जिन्हें केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना के जरिये इस संबंध में निर्दिष्ट करे।

## 'मिया मुस्लिमों' के अवैध कब्जे वाले वन और आरक्षित भूमि को मुक्त कराएंगे : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य का अतिक्रमण विरोधी अभियान 'अल्पसंख्यक बहुल' क्षेत्रों को निशाना बनाकर नहीं चलाया जा रहा है, बल्कि उन जंगलों या अन्य आरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए है , जिन पर 'मिया-मुसलमानों' ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। 'मिया' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए प्रयुक्त एक अपमानजनक शब्द है, तथा गैर-बांग्लाभाषी लोग आमतौर पर उन्हें बांग्लादेशी आप्रव-ासी मानते हैं। शर्मा ने दावा किया कि 'मिया-मुसलमानों' के पास 'चार' (नदी किनारे के जंगल) पर अतिक्रमण कर राज्य की आधी जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन इलाकों में अन्य समुदाय नहीं बसे हैं। शर्मा ने चिरांग में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में नहीं चल रहा है। यह अभियान उन 'मिया-मुसलमानों' के लिए है, जिन्होंने वन भूमि, या वीजीआर (ग्राम चरागाह आरक्षित), पीजीआर (पेशेवर चरागाह आरक्षित) भूमि पर अतिक्रमण किया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारे लोग आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण नहीं करते। अगर बोडो लोग, मिसिंग लोग (वन भूमि पर रहने वाले) हैं, तो वे 'पट्टा' (स्वामित्व) के पात्र हो सकते हैं। लेकिन, गैर-आदिवासियों को (वन भूमि पर) 'पट्टा' नहीं मिल सकता।'' शर्मा ने 'मिया-मुसलमानों' पर हमला जारी रखते हुए कहा, ''हमने उन्हें 'चार' में बहुत ज़मीन दी है।

## 'वोट चोरी' संबंधी टिप्पणी को लेकर मंत्री के. एन. राजन्ना को कर्नाटक मंत्रिमंडल से किया गया बर्खास्त



**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु : कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के. एन. राजन्ना को सोमवार को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया। कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को निर्देश दिया था कि वह उन्हें उनके 'वोट चोरी' वाले बयान को लेकर पद से हटा दें क्योंकि इस बयान से पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। अपने निष्कासन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजन्ना ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान, पार्टी अध्यक्ष और महासचिव के सी वेणुगोपाल को उनके बारे में कुछ 'गलतफहमी' है तथा वह इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने के लिए वरिष्ठ विधायकों एवं मंत्रियों के साथ दिल्ली जाएंगे। इस बीच, विपक्षी दल भाजपा नेताओं ने सोमवार को कहा कि सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना को 'वोट चोरी' मुद्दे पर सच बोलने के कारण कर्नाटक मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया गया।

# चीन की योजना भारत से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तक रेल नेटवर्क बनाने की: रिपोर्ट

**बीजिंग :** चीन शिनजियांग प्रांत को तिब्बत से जोड़ने के लिए सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजना पर काम कर रहा है और इसका एक हिस्सा भारत के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक से गुजरेगा। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के मुताबिक इस साल विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाओं में से एक पर काम शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए एक सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी की स्थापना की जाएगी जो शिनजियांग के होटन को तिब्बत के ल्हासा से जोड़ने वाली रेल परियोजना के निर्माण और संचालन की देखरेख करेगी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने शंघाई सिक्योरिटीज न्यूज के हवाले से दी गई खबर में कहा कि शिंजियांग-तिब्बत रेलवे कंपनी (एक्सटीआरसी) को औपचारिक रूप से 95 अरब युआन (13.2 अरब अमेरिकी डॉलर) की पूंजी के साथ पंजीकृत किया गया है और परियोजना के निर्माण के लिए इसका पूर्ण स्वामित्व चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप के पास है। हुबेई स्थित हुआयुआन सिक्योरिटीज ने शुक्रवार को एक शोध पत्र में कहा, ''इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य 2035 तक ल्हासा केंद्रित 5,000 किलोमीटर लंबा पठारी रेल ढांचा स्थापित करना है।'' अखबार में शनिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक परियोजना की पंजीकृत पूंजी प्रारंभिक वित्तपोषण को दर्शाती है, न कि कुल परियोजना लागत को। उदाहरण के लिए, 1,800 किलोमीटर लंबे सिचुआन-तिब्बत रेलवे के निर्माण पर 320 अरब युआन (45 अरब अमेरिकी डॉलर) लागत आने की उम्मीद है। खबर में कहा गया है, '' रेल मार्ग के कुछ हिस्से चीन-भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से भी गुजरेंगे, जो दोनों देशों के बीच मौजूदा सीमा है। इसके मद्देनजर यह शेष चीन की तुलना में कम बुनियादी ढांचे वाले सीमांत क्षेत्र में सामरिक महत्व रखता है।'' इस क्षेत्र में चीन ने कई विशाल अवसंरचना परियोजनाओं पर काम किया है जिनमें शिंजियांग-तिब्बत राजमार्ग, जिसे जी219 राजमार्ग के नाम से भी जाना जाता है, विवादित अक्साई चिन क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो 1962 के युद्ध में एक प्रमुख विवाद बिंदु था। खबर में कहा गया कि शिंजियांग-तिब्बत रेलवे तिब्बत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए प्रस्तावित चार रेल मार्गों में से एक है, जबकि अन्य सेवाएं पश्चिमी क्षेत्र को किंघई, सिचुआन और युन्नान प्रांतों से जोड़ती हैं। इसमें कहा गया है कि किंघई-तिब्बत लाइन चालू है, जबकि अन्य दो पर निर्माण कार्य जारी है। चीन का तिब्बत क्षेत्र हवाई, सड़क और रेल नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। ल्हासा से इसका हाई-स्पीड रेल नेटवर्क अरुणाचल प्रदेश की सीमा तक फैला हुआ है।

### श्रीलंकाई सांसद ने संसद से भारत पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को हल्के में न लेने का आग्रह किया

**कोलंबो :** श्रीलंका के एक सांसद ने संसद से आग्रह किया है कि वह भारत पर अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव को हल्के में न ले और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ही एकमात्र देश है जिसने सबसे खराब आर्थिक संकट के दौरान श्रीलंका को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। मीडिया में प्रकाशित एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गई । हर्षा डी सिल्वा ने संसद में अपने विचार रखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुचित और चयनात्मक व्यापार उपायों के प्रति भारत के विरोध का बचाव किया। 'डेली मिरर' की खबर के मुताबिक, उन्होंने कहा, भारत पर मत हंसो। जब वे नीचे हों तो उनका मजाक मत उड़ाओ, क्योंकि जब हम नीचे थे तो वे ही अकेले थे जिन्होंने हमारी मदद की थी।

## कबूतरखाना बंद किए जाने से नाराज जैन मुनि ने 13 अगस्त से आंदोलन की चेतावनी दी



**मुंबई :** जैन मुनि नीलेशचंद्र विजय ने लोगों को कबूतरों को दाना डालने से रोकने के लिए दादर कबूतरखाने को बंद करने के फैसले के खिलाफ 13 अगस्त से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। विजय ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि अगर इस मुद्दे पर अदालत का फैसला जैन समुदाय की धार्मिक आस्थाओं के खिलाफ होगा, तो इसका भी पालन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैन समुदाय शांतिप्रिय है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह धर्म के लिए हथियार भी उठाएगा। महाराष्ट्र कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा कबूतरखानों को बचाने के प्रयासों का समर्थन करते आए हैं, लेकिन उन्होंने विजय की टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया है। दादर कबूतरखाने को बंद करने के मकसद से बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) की ओर से लगाए गए तिरपाल को प्रदर्शनकारियों ने छह अगस्त को हटा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई। विजय ने कहा, ''हम सत्याग्रह और भूख हड़ताल का रास्ता अपनाएंगे। जैन समुदाय शांतिप्रिय है, लेकिन जरूरत पड़ी तो हम धर्म के लिए हथियार भी उठाएंगे। अगर कोई भी फैसला हमारी आस्था के खिलाफ जाता है, तो हम अदालत का आदेश भी नहीं मानेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि देशभर से जैन धर्म के 10 लाख से ज्यादा लोग इस विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। इस बीच, पत्रकारों द्वारा विजय की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मंत्री लोढ़ा ने कहा, ''मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं। मैं इस मामले पर दो बार बोल चुका हूं और अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं। मैं आगे कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।''

# नए आयकर विधेयक में ट्रस्ट को गुमनाम दान पर कर छूट, 'टीडीएस रिफंड' दावे की सुविधा बरकरार

**नयी दिल्ली:** लोकसभा में सोमवार को पारित नए आयकर विधेयक में मौजूदा कानून के कई अहम प्रावधानों को बरकरार रखने के साथ कुछ नए संशोधन भी शामिल किए गए हैं। आयकर (संख्या 2) विधेयक में टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) दावों के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की सुविधा और सभी धार्मिक एवं धर्मार्थ ट्रस्टों को गुमनाम दान पर मिली कर छूट बरकरार रखी गई है। इस साल फरवरी में संसद में पेश किए गए मूल आयकर विधेयक में इन प्रावधानों को हटाने का प्रस्ताव रखा गया था। आयकर (संख्या 2) विधेयक के प्रावधान 187 में 'पेशा' शब्द जोड़कर ऐसे पेशेवरों को, जिनकी सालाना प्राप्तियां 50 करोड़ रुपये से अधिक हों, निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम अपनाने की सुविधा दी गई है। इसके अतिरिक्त, आय में घाटे को आगे ले जाने और समायोजित करने से संबंधित प्रावधानों को बेहतर ढंग से पेश करने के लिए नए सिरे से बनाया गया है। इसके अलावा टीडीएस दावों में सुधार के विवरण दाखिल करने की समयसीमा भी घटाकर दो साल कर दी गई है जो आयकर अधिनियम, 1961 में छह साल थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के सूत्रों ने कहा, इस प्रावधान से कर कटौती की गई इकाइयों की शिकायतों में काफी कमी आने की उम्मीद है। आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेने जा रहे आयकर (संख्या 2) विधेयक में प्रवर समिति की 21 जुलाई को पेश रिपोर्ट में की गई लगभग सभी सिफारिशों को जगह दी गई है। मूल



आयकर विधेयक, 2025 को प्रवर समिति के पास भेजा गया था। प्रवर समिति ने गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) या धर्मार्थ ट्रस्टों को दिए गए दान पर कराधान के संबंध में आयकर विधेयक 1961 के प्रावधानों को बहाल करने का सुझाव दिया था। गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) को मिलने वाले गुमनाम दान के मामले में अब धार्मिक और धर्मार्थ दोनों उद्देश्यों वाले पंजीकृत एनपीओ को भी कर छूट मिलेगी। हालांकि किसी धार्मिक ट्रस्ट को मिले ऐसे दान पर, जो अस्पताल एवं शैक्षणिक संस्थान चलाने जैसे अन्य धर्मार्थ कार्य भी करता हो, कानून के अनुरूप कर लगाया जाएगा। सूत्रों ने कहा, विधेयक में गुमनाम दान पर कराधान से संबंधित प्रावधानों को आयकर अधिनियम, 1961 के मौजूदा प्रावधानों के साथ जोड़ दिया गया है। अब मिश्रित उद्देश्य वाले पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठनों को भी छूट उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही 'प्राप्तियों' की जगह 'आय' शब्द का इस्तेमाल कर एनपीओ की केवल वास्तविक आय पर ही कर लगाने का प्रावधान किया गया है। सूत्रों ने कहा, आयकर अधिनियम, 1961 में रखी गई प्राप्तियों की अवधारणा को आय की अवधारणा के साथ बदल दिया गया है। इस विधेयक में उन लोगों को राहत दी गई है, जो निर्धारित समय के भीतर आईटीआर दाखिल करना बाध्यकारी न होने के बावजूद टीडीएस का रिफंड लेना चाहते हैं।

## ब्लूस्टोन ज्वैलरी के आईपीओ को बोली के पहले दिन 39 प्रतिशत अभिदान

**नयी दिल्ली:** ब्लूस्टोन ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल लि. के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को आवेदन के पहले दिन 39 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ को 1,65,14,421 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 63,89,570 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की श्रेणी में 57 प्रतिशत अभिदान, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी 38 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को चार प्रतिशत अभिदान मिला।

## जियोफाइनेंस ऐप पर कर रिटर्न भरने की सुविधा



**नयी दिल्ली:** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) ने सोमवार को कहा कि करदाता अपने रिटर्न दाखिल करने के लिए जियोफाइनेंस ऐप की सहायता ले सकते हैं। कंपनी ने अपने मंच पर 'प्लानिंग' और 'फाइलिंग' सुविधा की पेशकश की है। जेएफएसएल ने एक बयान में कहा कि कर योजना और आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करना आसान, स्मार्ट और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से, यह नयी विशेषता ऑनलाइन कर फाइलिंग और सलाहकार सेवा, टैक्सबडी के साथ मिलकर विकसित की गयी है। कर फाइलिंग सुविधा उपयोगकर्ताओं को या तो स्वयं रिटर्न दाखिल करने या विशेषज्ञ-सहायता प्राप्त फाइलिंग का विकल्प चुनने की अनुमति देती है। इसमें स्वयं से कर रिटर्न भरने पर 24 रुपये और कर विशेषज्ञ की मदद से कर रिटर्न दाखिल करने पर 999 रुपये से शुरू होने वाली योजनाएं शामिल हैं। मॉड्यूल में दो मुख्य विशेषताएं शामिल हैं... 'टैक्स प्लानर' और 'टैक्स फाइलिंग'। इसमें कहा गया है कि कर फाइलिंग सुविधा पुरानी और नई कर व्यवस्थाओं के बीच भ्रम जैसी आम चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे ग्राहकों को 80सी और 80डी जैसी धाराओं के तहत कटौती सुनिश्चित करके कर बचाने में मदद मिलती है और महंगे बिचौलियों पर अत्यधिक निर्भरता खत्म होती है। इसमें कहा गया है कि 'टैक्स प्लानर' व्यक्तिगत कटौती मैपिंग, आवास किराया भत्ता मूल्यांकन और व्यवस्था तुलना की पेशकश करके व्यक्तियों को उनकी भविष्य की कर देनदारियों का अनुमान लगाने और उन्हें कम करने में मदद करता है।

# आईटीसी होटल्स का वर्ष 2030 तक 220 होटल के परिचालन का लक्ष्य: चेयरमैन पुरी

**नयी दिल्ली:** आईटीसी होटल्स के चेयरमैन संजीव पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत का आतिथ्य क्षेत्र मजबूत वृद्धि की राह पर है और कंपनी का वर्ष 2030 तक अपने परिचालन वाले होटल की संख्या बढ़ाकर 220 तक ले जाने का लक्ष्य है। पुरी ने एक स्वतंत्र कंपनी के रूप में सूचीबद्ध होने के बाद आईटीसी होटल्स की पहली सालाना आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी में निवेश से देश आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने कहा कि युवा आबादी, बढ़ती आय, शहरीकरण, प्रौद्योगिकी क्षमता एवं उद्यमशीलता की भावना से कंपनी की



प्रतिस्पर्धी बढ़त कायम रहेगी। पुरी ने भारत में आतिथ्य क्षेत्र की वृद्धि संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रति हजार आबादी पर सिर्फ 0.3 कमरे हैं, जबकि वैश्विक औसत 2.2 है। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि कंपनी की 'एसेट-राइट' रणनीति से आने वाले वर्षों में वृद्धि और प्रतिस्पर्धा तेज होगी। ब्रांड की पहचान से संभावित प्रबंधन अनुबंधों का एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। पुरी ने कहा कि आईटीसी होटल्स की मौजूदगी अब मझोले एवं छोटे शहरों तक हो चुकी है और प्रीमियम आतिथ्य सेवाओं की मांग बढ़ रही है। पुरी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि कंपनी वर्ष 2030 तक 20,000 से अधिक कमरों वाले 220 होटलों का परिचालन कर रही होगी। वर्ष 2030 तक होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 10 प्रतिशत तक पहुंचने और 10 करोड़ से अधिक रोजगार देने का अनुमान है।

# टेस्ला दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु में चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करेगी



**नयी दिल्ली:** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और बेंगलुरु में अपने सुपर चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी की योजना सितंबर तक भारत में आपूर्ति शुरू करने की है। टेस्ला की क्षेत्रीय निदेशक (दक्षिण पूर्व एशिया) इसाबेल फैन ने राष्ट्रीय राजधानी के एयरोसिटी में भारत के अपने दूसरे अनुभव केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कंपनी गुरुग्राम और नोएडा के अलावा साकेत में भी एक और सुपरचार्जिंग स्टेशन खोलने की योजना बना रही है। टेस्ला ने पिछले महीने मुंबई में अपना पहला अनुभव केंद्र खोला था और साथ ही 59.89 लाख रुपये से शुरू होने वाली अपनी मॉडल वाई कार भी पेश की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और मुंबई, कंपनी की प्राथमिकता हैं। अगले कुछ हफ्तों में कंपनी गुरुग्राम में अपना सुपरचार्जिंग स्टेशन खोलेगी, जिसके बाद साकेत (दक्षिण दिल्ली) और नोएडा में भी अन्य स्टेशन खोले जाएंगे। इसाबेल ने कहा कि टेस्ला मुंबई के लोअर परेल, नवी मुंबई और ठाणे में सुपरचार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही है, जो बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में मौजूदा स्टेशन के अतिरिक्त होंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कंपनी बैंगलुरु में भी विस्तार करेगी। इसाबेल ने यह भी बताया कि कंपनी जल्द ही भारत में अपनी मोबाइल सेवा, रिमोट डायग्नोस्टिक्स, सर्विस सेंटर और अन्य सेवाएं शुरू करेगी।

# सोना रिकॉर्ड स्तर से 900 रुपये नीचे आया, चांदी 1,000 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली:** सोने में पांच दिनों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के बीच स्टॉकिस्टों की बिकवाली से सोने की कीमत राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड उच्च स्तर से 900 रुपये फिसलकर 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,02,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। पिछले सत्र में यह 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार तक पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की वृद्धि हुई है। एचडीएफसी



सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "बाजार के उत्साहजनक रुख के कारण पारंपरिक सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग कम होने से सोने में कमजोर रुख के साथ कारोबार शुरू हुआ।' उन्होंने कहा, "इसके अलावा, भू-राजनीतिक तनाव में कमी आई है। इसका कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए सहमत हुए हैं, ताकि रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े शांति प्रयासों पर चर्चा की जा सके।" गांधी ने कहा कि इसके अलावा, सोने की छड़ों पर 39 प्रतिशत शुल्क के संबंध में व्हाइट हाउस के स्पष्टीकरण से भी सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये घटकर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही।

## चेहरे के जरिये आधार सत्यापन छह महीने में दोगुना होकर 200 करोड़ पहुंचा

**नयी दिल्ली** : चेहरे के जरिये आधार सत्यापन छह महीने से भी कम समय में दोगुना होकर 200 करोड़ पहुंच गया है। एक अधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआइई) ने बयान में कहा कि शुरुआत में 2024 के मध्य तक 50 करोड़ लेन-देन हुए थे। फिर जनवरी 2025 में ये बढ़कर 100 करोड़ हो गए। और अब छह महीने से भी कम समय में यह संख्या दोगुनी होकर 200 करोड़ हो गई है। यूआईडीएआई के प्रमुख भुवनेश कुमार ने बताया कि देश के गांवों से लेकर शहरों तक, सरकार, बैंक और सेवा देने वाली कंपनियां मिलकर चेहरे के जरिये आधार सत्यापन को सफल बनाने में लगे हैं।इसका मकसद है कि हर भारतीय कहीं भी, कभी भी अपनी पहचान तुरंत और सुरक्षित तरीके से साबित कर सके।

# नोकिया भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र का विस्तार करेगी



**नयी दिल्ली:** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया स्थानीय स्तर पर और अधिक लोगों को नियुक्त करके भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नोकिया इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक तरुण छाबड़ा ने एक सरकारी कार्यक्रम में कहा कि कंपनी 30 वर्षों से भारत के लिए प्रतिबद्ध है और स्थानीय स्तर पर लोगों को कुशल बनाने तथा उन्हें नियुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने बीएसएनएल के एक कार्यक्रम में कहा, 'हम अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र में और लोगों को नियुक्त करने जा रहे हैं। लगभग 8,000 लोगों वाले अनुसंधान एवं विकास केंद्र के अलावा, भारत में हमारे पास लगभग 4,000 लोग हैं, जो वैश्विक सेवा संचालन का समर्थन कर रहे हैं।" छाबड़ा ने कहा, 'जब मैं दुनिया भर के दूरसंचार परिचालकों से बात करता हूं, तो वे साइबर सुरक्षा को सबसे महत्वपूर्ण चीज मानते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम 30 वर्षों से प्रतिबद्ध हैं, और हम आगे भी यह प्रतिबद्धता रखते हैं कि हम यहां भारतीय लोगों को कुशल बनाने और भविष्य में उन्हें अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्रों में नियुक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।'

## पीएनबी और बैंक ऑफ बड़ौदा ने उत्तराखंड आपदा कोष में 1-1 करोड़ रुपये दिए



**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली और हर्षिल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी है। पीएनबी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय उत्तराखंड के लोगों के साथ पीएनबी के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने कहा, "हमारी यह मदद सिर्फ वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि एकजुटता और सहानुभूति का एक सच्चा वादा है। उत्तराखंड के लोगों को सहायता प्रदान करते हुए धराली और हर्षिल में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी है।

# एप्पल की पहली छमाही में स्मार्टफोन आपूर्ति 21.5 प्रतिशत बढ़ी, वीवो शीर्ष पर कायम

**नयी दिल्ली:** देश के भीतर एप्पल के स्मार्टफोन की आपूर्ति इस साल जनवरी-जून की अवधि में 21.5 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख इकाई पर पहुंच गई जबकि आईफोन 16 सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। बाजार अनुसंधान कंपनी आईडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 की पहली छमाही में भारतीय स्मार्टफोन बाजार में कुल सात करोड़ इकाइयों की आपूर्ति हुई जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में यह वृद्धि 7.3 प्रतिशत रही। यह आंकड़े कंपनियों की तरफ से खुदरा बिक्री चैनलों को भेजे गए फोन के हैं। रिपोर्ट कहती है कि चीनी स्मार्टफोन विनिर्माताओं वनप्लस, पोको, शाओमी और रियलमी की आपूर्ति में गिरावट आने के बीच एप्पल ने मजबूत प्रदर्शन किया। जून तिमाही में एप्पल की आपूर्ति 19.7 प्रतिशत बढ़कर 27 लाख इकाई रही। इसके साथ ही भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एप्पल की हिस्सेदारी 7.5 प्रतिशत हो गई। पिछली तिमाही में 19 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वीवो ने लगातार छठी बार बाजार में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि



कोरियाई कंपनी सैमसंग 14.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। ओप्पो की आपूर्ति 25.4 प्रतिशत बढ़कर 13.4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी तक पहुंच गई। मोटोरोला की 39.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ आठ प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही जबकि आईक्यू का बाजार हिस्सा 4.3 प्रतिशत रहा। हालांकि वनप्लस की फोन आपूर्ति में जून तिमाही में 39.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई जिसकी वजह से उसकी हिस्सेदारी घटकर 2.5 प्रतिशत रह गई। इसी तरह रियलमी की हिस्सेदारी घटकर 9.7 प्रतिशत और शाओमी की हिस्सेदारी गिरकर 9.6 प्रतिशत रह गई। प्रीमियम स्मार्टफोन खंड (52,000-70,000 रुपये कीमत) में 96.4 प्रतिशत की सबसे तेज वृद्धि हुई, जिसमें आईफोन 16 और आईफोन 15 मॉडलों की बड़ी हिस्सेदारी रही। सुपर-प्रीमियम खंड (70,000 रुपये से ऊपर) में 15.8 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद हिस्सेदारी सात प्रतिशत पर स्थिर रही, जहां सैमसंग ने 49 प्रतिशत के साथ एप्पल (48 प्रतिशत) को पीछे छोड़ दिया। आईडीसी के एशिया प्रशांत क्षेत्र की वरिष्ठ शोध प्रबंधक उपासना जोशी ने कहा कि मध्य-श्रेणी वाले फोन के बाजार में अत्यधिक मॉडल पेश किए जाने से प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, जिससे त्योहारी मौसम में अधिशेष स्टॉक रहने की आशंका है। जून तिमाही में स्मार्टफोन का औसत बिक्री मूल्य 10.8 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 275 अमेरिकी डॉलर हो गया।

समाज्ञा स्पोर्ट्स

# रीतिका ने जीता स्वर्ण, भारत एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहा

**बैंकॉक:** रीतिका ने महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया जिससे भारत ने सोमवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर -22 वर्ग के पदक तालिका में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया। भारतीय अंडर-22 टीम ने कुल 13 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जबकि अंडर-19 मुक्केबाजों ने कुल 14 पदक (तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य) के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकी। वह रक्षण और आक्रमण के शानदार तालमेल से कजाखस्तान की मुक्केबाज असेल तोकतास्यन को मात देकर अंडर-22 वर्ग में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाने में सफल रही।



यात्री पटेल को महिला 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में चीन की यू तियान को जोरदार टक्कर देने के बावजूद प्रिया को 2-3 के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। नीरज को पुरुष 75 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकतजोन बोल्टायेव से हार का सामना करना पड़ा। ईशान कटारिया 90+ किग्रा के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हार गए, जिससे दोनों भारतीय पुरुष मुक्केबाजों ने रजत पदक हासिल किया।

## हम मिथक तोड़ना चाहते हैं, आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं: हरमनप्रीत

**मुंबई:** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है जिसमें भारत उपविजेता रहा था। हरमनप्रीत ने वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।" इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत की टीम की साथी स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने



इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और हमें इससे अपनी स्थिति का पता चलता है। यह श्रृंखला (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे) हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं।'

## एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य था, हमने इसे हासिल किया: भारत अंडर-20 महिला कोच

**नयी दिल्ली:** मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने कहा कि भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम का हाल ही में एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने से राष्ट्रीय अंडर-20 टीम को इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए अतिरिक्त प्रेरणा मिली। भारत ने रविवार को यंगून में अपने अंतिम ग्रुप डी क्वालीफाइंग मुकाबले में मेजबान म्यांमार को 1-0 से हराकर दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। पिछले साल दिसंबर से टीम को ट्रेनिंग दे रहे एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'यह लड़कियों के लिए बहुत खास है। वे कई महीनों से तैयारी कर रही थीं और सीनियर महिला टीम ने इतने शानदार तरीके से क्वालीफाई किया जिसे देखकर उन्हें अतिरिक्त प्रेरणा मिली।" उन्होंने कहा, 'उनका जज्बा शानदार था। जब हम म्यांमार पहुंचे थे तब एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा एकमात्र लक्ष्य था और अब हमने इसे हासिल कर लिया है।' पूजा ने थुवुन्ना स्टेडियम में 27वें मिनट में निर्णायक गोल दागा जिससे भारत सात



अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा और थाईलैंड में होने वाले 2026 के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई। एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'सच कहूं तो दूसरा हाफ हमारे खेल के स्तर के लिहाज से सबसे अच्छा नहीं था लेकिन तीसरी बार विरोधी टीम को गोल करने से रोकना और एक टीम के तौर पर इतनी मेहनत करना, इन खिलाड़ियों के शानदार मनोबल को दर्शाता है।" मैदान पर जश्न के बाद स्वीडन के इस कोच ने खिलाड़ियों और स्टाफ को भावुक भाषण दिया और कहा कि वे मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के हकदार हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत भावुक पल है क्योंकि मैंने देखा कि आपने वहां कितनी मेहनत की।

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर श्रृंखला बराबर की

**तारूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो):** रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स की उपयोगी पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। बारिश के व्यवधान के कारण वेस्टइंडीज के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 35 ओवर में 181 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा।

## भारतीय सेना जीत के बावजूद डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूकी



**जमशेदपुर:** भारतीय सेना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद 134वें डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में शानदार वापसी करते हुए 1 लद्दाख एफसी को 4-2 से शिकस्त दी। टीम हालांकि इस जीत के बावजूद टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में नाकाम रही। इस जीत के साथ उनके छह अंक हो गए। लेकिन उनका प्लस 2 गोल अंतर छह ग्रुप में प्रत्येक के दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में शीर्ष दो में नहीं है। पी कमलेश ने मैच के 22वें मिनट में 1 लद्दाख एफसी का खाता खोला जबकि विग्नेश ने इसके 14 मिनट बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। सामा ने हेडर की मदद से भारतीय सेना के लिए पहला गोल किया जबकि अभिषेक ने मध्यांतर से पहले गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। मध्यांतर के बाद भारतीय सेना के खेल में बेहतर तालमेल दिखा। मैच के 51वें मिनट में क्रिस्टोफर केमाई ने स्पॉट किक को गोल में बदल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी। इसके चार मिनट के बाद ही राहुल रामाकृष्णन ने गोल कर टीम को 4-2 से आगे कर दिया। सेना की टीम मैच के आखिर तक इस बढ़त को बनाये रखने में सफल रही।

वर्ष 10, पूर्णांक 3325 अंक 135, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in